प्रकाशक
देवेन्द्रराज मेहता,
सचिव,
प्राकृत भारती अकादमी,
३८२६, यति श्यामलाल जी का उपाश्रय
मोतीसिंह भोमियो का रास्ता
जयपुर—३०२००३ (राज)

नरेन्द्रसिंह वैद,
मन्त्री
श्री जैन श्वेताम्बर पचायती मन्दिर,
बडा बाजार,
कलकत्ता—७०००७

प्रथम सस्करण, जून १९९०
मल्य रु० ५०,

मुद्रक :
अजन्ता प्रिन्टर्स जयपुर
अमर कम्पोजिंग एजेन्सी दिल्ली—५३

प्रकाशकीय

प्राकृत भारती के पुष्प ६७ को प्राकृत भारती अकादमी और श्री जैन श्वेताम्वर पंचायती मदिर, कलकत्ता के सयुक्त प्रकाशन के रूप मे "खरतर-गच्छ दीक्षा नन्दी सूची" पुस्तक प्रकाशित करते हुए हमे हार्दिक प्रसन्नता है।

यह पुस्तक वस्तुत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसके आधार पर खरतर-गच्छ के तत् तत्कालीन मुनियो/यतियो, साहित्यकारो का समय-निर्धारण सहजभाव से किया जा सकता है। न केवल काल निर्धारण ही अपितु उनका जन्म नाम, दीक्षा नाम, गुरु का नाम, दीक्षा सवत्, दीक्षा प्रदाता का नाम और किस शाखा या उपशाखा मे हुए है आदि का निर्णय भी स्वत हो जाता है। जैसे क्षमाकल्याणोपाध्याय के सम्वन्ध मे हमे जानकारी प्राप्त करनी हो तो देखिये पृष्ठ ५८ :—

इनका जन्म नाम खुस्यालो था, इनका दीक्षा नाम क्षमाकल्याण रखा गया। इनके गुरु का नाम त० अमृतधर्म मुनि था और वे जिनभक्ति-सूरि की शाखा मे हुए तथा इनको स० १८१५ आषाढ वदि २ को जैसलमेर मे श्री जिनलाभसूरि ने दीक्षा प्रदान की, जानकारी उपलब्ध हो जाती है।

वस्तुत यह सूची भी अपूर्ण है। जो दी गई है वह भी स० १७०७ से तथा खरतर-गच्छ की मात्र दो शाखाओ का ही प्रतिनिधित्व करती है। सम्पादको के निरन्तर शोध और अथक प्रयास करने पर भी खरतरगच्छ के प्रारभ से लेकर १७०६ तक और इसी गच्छ की अन्य १० शाखाओ की भी नन्दी सूची उपलब्ध न हो सकी। साथ ही इसी प्रकार जैन श्वेताबर परपरा के अन्य गच्छो की भी दीक्षा नन्दी सूचिया प्राप्त न हो सकी। अत जो प्राप्त है, उसी को विज्ञो के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।

इस सूची से एक तथ्य और स्पष्ट होता है कि एक-एक आचार्य ने अपने कार्यकाल मे कितनी दीक्षाये प्रदान की। उदाहरण के तौर पर जिनचन्द्रसूरि का देखिये। इनका आचार्य काल १७११ से १७६२ है। इस काल मे उन्होने ३९ नन्दिया स्थापित की और ६१९ व्यक्तियो को दीक्षा

प्रदान की। यह तथ्य वास्तव मे आश्चर्यजनक है। इसके साथ ही इस तथ्य की भी पुष्टि होती है कि दीक्षा आचार्य/गच्छनायक ही प्रदान करता था और गुरु का नाम शिष्य को अभिलाषानुसार उसके गुरु की अनुमति से रखा जाता था।

सपादको ने इस पुस्तक को तीन खंडो मे विभक्त किया है। प्रारम्भ मे योजनानुसार इसका केवल द्वितीय खड ही प्रकाशित किया जा रहा था, जो कि प्रामाणिक होते हुए भी आद्यन्त के विना अपूर्ण-सा प्रतीत हो रहा था। फलत इसकी पूर्ति के रूप मे सपादको ने प्रथम खड मे गुर्वावलियो, अभिलेखो और प्रशस्तियो के आधार से वि० स० १७०७ से पूर्व का इतिहास लिखकर एव तृतीय खड मे वर्तमान सविग्न पक्षीय तीनो समुदायो के साधु-साध्वियो की दीक्षा सूची सलग्न कर इसको पूर्णता प्रदान करने का यथा-साध्य प्रयत्न किया है।

इस पुस्तक के सम्पादक हैं श्री भँवरलालजी नाहटा एव महोपाध्याय विनयसागरजी। श्री भँवरलालजी नाहटा जैन साहित्य, राजस्थानी साहित्य एव प्राचीन लिपियो के विशिष्ट विद्वान् हैं और साहित्य जगत मे वे सुपरिचित हैं। ८० साल के लगभग अवस्था होने पर भी साहित्य-सेवा मे सक्रिय हैं। महोपाध्याय विनयसागरजी जैन साहित्य के प्रमुख विद्वान् हैं और वर्तमान मे प्राकृत भारती अकादमी के निदेशक एव भोगीलाल लहरचद शोध सस्थान, दिल्ली के कार्यवाहक निदेशक पद पर कार्यरत है। अत हम दोनो के प्रति कृतज्ञ है और हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

यह लिखते हुए अत्यन्त आह्लाद हो रहा है कि इसी वर्ष श्वेताम्बर पचायती मन्दिर, कलकत्ता का "अर्जुन हेम हीरक जयन्ति" के रूप मे १७५ वा वर्ष मनाया जा रहा है और इसी पावन स्मृति को अक्षुण्ण रखने हेतु यह पुस्तक सयुक्त प्रकाशन के रूप मे प्रकाशित की जा रही है।

देवेन्द्रराज मेहता	नरेन्द्रसिह वेद
सचिव	मन्त्री
प्राकृत भारती अकादमी	जैन श्वेताम्बर पचायती मदिर
जयपुर	कलकत्ता

अनुक्रमणिका

जिनलाभसूरि—(१८०४-१८३३), धर्म (४६), शील (५१), दत्त (५२), विनय, रुचि (५३) राज (५४), शेखर, कमल (५५), सुन्दर (५६), कल्याण (५७), कुमार (५८), धीर (५६), उदय (६०), हेम (६१), सार, प्रिय (६२), कीर्ति (६३), प्रभ (६४), मूर्ति, सोम (६५), जय (६७)

जिनचन्द्रसूरि—(१८३५-१८५४), चन्द्र, विजय (६७), प्रमोद (६६), निधान, सिन्धुर (७०), रग (७१), कुशल (७३), मेरु (७४), समुद्र (७५), नन्दन (७६), रत्न, हस (७७), वर्द्धन (७८), भद्र (७६), हर्ष (८०), वल्लभ (८१)

जिनहर्षसूरि—(१८५६-१८६०), आनन्द (८१), सौभाग्य, सागर (८२), कल्लोल (८४), भक्ति (८५), विलास (८६), विमल (८८), मन्दिर (८६), कलश (६२), धर्म (६३), लाभ (६४), सिंह, तिलक (६५), विनय (६७), शेखर (१००), शेन, रुचि (१०१), शील (१०२), माणिक्य (१०३), राज, प्रिय (१०४),

जिनमहेन्द्रसूरि—(१८६२-१६०७), पुरन्दर (१०५), उदय (१०६), सुन्दर (१०८), कीर्ति (११०), कल्याण (१११)

जिनमुक्तिसूरि—(१६१५-१६५५) सुख ((११३), प्रधान (११४), रत्न (११६), आनन्द (११८), राज (११६)

जिनचन्द्रसूरि—(१६५७-) विमल (१२०), रत्न (१२१).

जिनधरणेन्द्रसूरि—(२००३-) सुन्दर (१२२)

भाव चारित्र धारक-सूची—(१२२).

साध्वी दीक्षा नन्दी सूची—(१७८३-१६२८) १२३-१२७

• • •

बीकानेर शाखा—

जिनसौभाग्यसूरि—(१८६२-१६१६) कीर्ति, धीर (१२८), सुन्दर, प्रधान (१२६), सोम (१३०), निधान (१३१), लब्धि (१३२), वल्लभ (१३३), मण्डन, जय (१३४), रग (१३५)

जिनहससूरि—(१६१७-१६३४) कमल (१३५), अमृत (१३६), सार (१३७), उदय (१३८), वर्द्धन (१३६)

जिनचन्द्रसूरि—(१६३५-१६५४). पद्म, दत्त (१४०), भद्र (१४१), कुशल (१४२)

जिनकीर्तिसूरि—(१९५६-१९६३) सौभाग्य (१४२), रुचि, सुन्दर (१४३)

जिनचारित्रसूरि—(१९६७-१९९०). चारित्र, लाभ (१४४), जय, सागर (१४५), पाल (१४६).

जिनविजयेन्द्रसूरि—(१९९८-) निधि, निधान, सुन्दर (१४७), सुन्दर (१४८)

जिनचन्द्रसूरि—

० ० ०

आचार्य शाखा—

विलास, विमल, सिन्धुर (१४९), सोम, सुन्दर, हर्ष, रत्न, शील, (१५०), सिंह (१५१)

जिनकीर्तिसूरि—(१७९७-१८१८) कीर्ति माला, राज, वल्लभ, भक्ति (१५१), सुन्दर, समुद्र, निधान, सार (१५२), नन्दन (१५३),

जिनयुक्तिसूरि—(१८२२-) माणिक्य (१५३)

जिनचन्द्रसूरि—(१८२४-१८७२) चन्द्र, मूर्ति (१५३), सागर, सौभाग्य, वर्द्धन, नन्दी, सोम, विलास (१५४), कुशल, कुमार, धीर (१५५), हंस, हीर, विमल, तिलक (१५६), रत्न, शील, राज (१५७), कलश, मन्दिर रंग (१५८)

जिनोदयसूरि—(१८७७-१८९१) उदय, शील, समुद्र, रुचि (१५९)

जिनहेमसूरि—(१८९७-१९४२), हेम, सागर, धीर, तिलक, रत्न (१६०), सुन्दर, धर्म, हर्ष, सार, सागर (१६१), तिलक, शेखर, वर्द्धन (१६२), विमल, सौभाग्य, कुमार, सुन्दर (१६३), रंग, सागर (१६४)

जिनसिद्धिसूरि—(१९४३-१९८४) कमल, विशाल, कल्लोल, दत्त (१६४), हंस, राज, सिंह, सार, भंडार, निधान (१६५)

जिनचन्द्रसूरि—(१९८६-) सकल (१६६)

जिनसोमप्रभसूरि—(२०१०) धर (१६६)

० ० ०

जिनरंगसूरि शाखा—

जिनविमलसूरि—(१७८९-) विमल (१६७)

जिनाक्षयसूरि—(१८१७-) कुमार (१६८).

० ० ०

० ० ०

भूमिका

अनन्त चतुष्टय विराजित आत्मा अपने विशुद्ध रूप से अरूपी और अनामी है, परन्तु देहधारी होने से उसकी पहचान के लिए नाम-स्थापन अनिवार्य है। चार प्रकार के निक्षेपो मे नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव है। ये अकाट्य सत्य माने गये हैं। अनादि काल से नाम रखने की परिपाटी चली आ रही है। भगवान ऋषभदेव की माता ने उनके गर्भ मे आने पर वृषभ स्वप्न के अनुसार उनका नामकरण किया, क्योकि चतुर्दश महास्वप्नो मे प्रथम वृषभ का स्वप्न ही मरुदेवी माता ने देखा था। तीर्थकरो के नाम भी घटनाओ के परिवेशो मे रखे गये थे, जैसे महामारी शात होने से शान्तिनाथ, ऋद्धि-सम्पदा मे वृद्धि होने से वर्द्धमान इत्यादि। कुछ नाम प्रकृति से, कुछ सस्कृति से, कुछ घटना विशेष से एव कुछ परम्परागत देशप्रथा आदि से सम्बन्धित होते थे। जन्म समय के ग्रह-नक्षत्रो की अवस्थिति भी इसमे प्राधान्य रखती थी। पाणिनी ने अष्टाध्यायी मे नाम व पद आदि के सम्बन्ध मे विशद विवेचन किया है। अपने-अपने देश की भाषा, धर्म और जातिगत प्रथा, कालानुरूप सघ-प्रणाली देखते हुए आर्य, मुनि, स्थविर, गणि आदि उपाधि-सम्बोधन होता था। पहले जो प्राकृत भाषा के नामरूप थे वे उनके सस्कृत रूपो मे प्रयुक्त होने लगे। फिर जब अपभ्रश काल आया तो शब्दो मे तदनुरूप परिवर्तन आ गया। व्यक्तियो के नामो मे नागभट्ट को बोलचाल की भाषा मे नाहड, देवभट्ट को देहड, वाग्भट्ट–बाहड, त्यागभट–चाहड, क्षेमधर–खीवड, पृथ्वीधर–पेथड, जसहड आदि मे उत्तरार्थ लुप्त होकर 'ड' और 'ण' प्रत्यय लग गये, जैसे—जाल्हण, कर्मण, आह्लादन का आल्हण, प्रह्लादन का पाल्हण आदि सख्यावद्ध उदाहरण दिये जा सकते है। आचार्यों के नाम भी वक्कसूरि, नन्नसूरि, जज्जिगसूरि आदि भी अपभ्रश काल की देन है।

आज के परिवेश मे नाम के आदि पद उपर्युक्त प्रथा के साथ-साथ नामान्त मे जैसे राजस्थान मे लाल, चन्द, राज, मल्ल, दान, सिंह, करण,

कुमार आदि प्रचलित है उसी प्रकार गूजर देश का भी समझना चाहिए क्योंकि प्राचीन काल मे दोनो भाषाए एक ही थी। अव तो अनेक नाम प्रान्तीय सीमाओ का उल्लघन कर सर्वत्र प्रचलित हो गए हैं। पूर्वकाल मे वेश-भूषा और नामो से देश व जाति की पहचान हो जाती थी किन्तु वह भेद आजकल गौण होता जा रहा है, अस्तु।

तीर्थंकर महावीर के काल मे प्रव्रजित हो जाने पर नाम-परिवर्तन की अनिवार्यता नही देखी जाती। इतिहास साक्षी है कि सभी श्रमणादि अपने गृहस्थ नाम से ही पहचाने जाते थे। तव प्रश्न होता है कि गृहस्थावस्था त्यागकर मुनि होने पर उनका नाम परिवर्तन कर नवीन नामकरण कव से और क्यो किया जाने लगा? इस पर विचार करने से लगता है कि चैत्यवास के युग से यह प्रथा आरम्भ हुई होगी, पर इसका कारण यही लगता है कि गृहत्याग के पश्चात् मुनिजीवन एक तरह से नया जन्म हो जाता है। गृह-सम्बन्ध विच्छेद के लिए वेश-परिवर्तन की भाति गृहस्थ सम्बन्धी रिश्ते, स्मृतिजन्य भावनाओं का त्याग, मोह-परिहार और वैराग्य-वृद्धि के लिए इस प्रथा की उपयोगिता को अस्वीकार नही किया जा सकता। श्री आत्मारामजी म० ने 'सम्यक्त्व-शल्योद्धार' के पृष्ठ १३ मे वतलाया है कि 'पचवस्तु' नामक ग्रन्थ मे इस प्रथा का उल्लेख पाया जाता है।

नाम परिवर्तन की प्रथा श्वेताम्बर और दिगम्बर सम्प्रदाय मे प्रचलित है जो स्थानकवासी, तेरापथी, लोका, कडुआमती के अतिरिक्त मूर्तिपूजक सम्प्रदाय मे तो है ही, परन्तु वे लोग स्वामी, ऋषि, मुनि आदि विशेषण मात्र लगा देते है। आजकल तो तेरापथी समाज मे भी नाम परिवर्तन करने की प्रथा कथचित् प्रचलित हो गई है। दिगम्बर सम्प्रदाय मे सागर भूषण, कीर्ति आदि नामान्त पद प्रचलित हैं। यत.—शातिसागर, देशभूषण, महावीर कीर्ति तथा आनन्द नन्दी भी विद्यानन्द, सहजानन्द आदि के साथ-साथ चन्द्र और सेन भी गण-सघ की परिपाटी मे प्रचलित है। वर्तमान काल मे श्वेताम्बर मूर्तिपूजक सम्प्रदाय के तपागच्छ मे सागर, विजय विमल और मुनि एव खरतरगच्छ मे भी सागर व मुनि नाम प्रचलित हैं। पायचन्दगच्छ मे चन्द्र और अचलगच्छ मे सागर नामान्त

पद पाये जाते हैं। जबकि प्राचीन इतिहास मे इनके अतिरिक्त बहुसख्यक नामान्त पद व्यवहृत देखने मे आते है। हमे इस निवन्ध मे इन नामान्त पद जिन्हे नन्दी कहा जाता है उस पर विस्तार से विचार करना है।

इस प्रकार के नाम परिवर्तन की प्रथा भारत और यूरोप आदि देशो के राज्यतन्त्र मे भी पायी जाती है, पर दीक्षान्तर नाम परिवतन की प्रथा वैदिक सम्प्रदाय मे भी प्राप्त है। 'दर्शनप्रकाश' नामक ग्रन्थ मे सन्यासियो के दस प्रकार के नामो का उल्लेख सप्राप्त है। यत —

१. गिरि–सदाशिव, २ पर्वत–पुरुष, ३ सागर–शक्ति,
४. वन–रुद्र, ५ अरिण–ॐकार ६ तीर्थ–ब्रह्म
७ आगम–विष्णु, ८ मठ–शिव, ९ पुरी–अक्षर,
१०. भारती–परब्रह्म।

'भारत का धार्मिक इतिहास' ग्रन्थ के पृष्ठ १८० मे दस नामान्त पद इस प्रकार बतलाये हैं—

१ गिरि २. पुरी ३ भारती ४ सागर
५ आश्रम ६ पर्वत ७ तीर्थ ८ सरस्वती
९ व्रत १० आचार्य।

श्वेताम्बर जैन ग्रन्थो मे नामकरण विधि का सबसे प्राचीन विशद और स्पष्ट उल्लेख खरतरगच्छ की रुद्रपल्लीय शाखा के आचार्य श्री वर्धमानसूरिजी रचित 'आचारदिनकर' नामक ग्रन्थ मे विस्तार के साथ मिलता है जो वि० स० १४६८ कार्तिक शुक्ल १५ को जालधर देश (पजाब) के नन्दवनपुर (नादौन) मे विरचित है। इस नाम परिवर्तन का कारण बतलाते हुए लिखा है कि—

पूर्वं हि जैन साधुत्वे सूरित्वेऽपि समागते।
न नाम्ना परिवर्तोभून्मुनीना मोक्षगामिनाम् ॥६॥
साम्प्रत गच्छ सयोग. क्रियते वृद्धिहेतवे।
महास्नेहायायुषे च लाभाय गुरुशिष्ययोः ॥ ७ ॥
ततस्तेन कारणेन नाम राश्यनुसारितः।
गुरु' प्रधानता नीत्वा विनयेनानुकीर्तयेत् ॥ ८ ॥

नन्दी नाम के पूर्व पद के सम्वन्ध मे पृष्ठ ३८६ मे लिखा है कि—

"तथा योनि १, वर्ग २, लभ्यालभ्य ३, गण ४, राशि भेद ५, शुद्ध नाम दद्यात्—

नाम स्यात्पूर्वतः साधो. शुभो देवगुणागमै. ।
जिन–कीर्ति–रमा–चन्द्र–शीलोदय–धनैरपि ॥ २० ॥

विद्या–विनय–कल्याणैर्जीव–मेघ–दिवाकरै. ।
मुनि–त्रिभुवना–भोजै सुधा–तेजो–महानृपै. ॥२१ ॥

दया–भाव–क्षमा–सूरै सुवर्ण–मणि–कर्मभिः ।
आनन्दानन्त–धर्मैश्च जय–देवेन्द्र–सागरै. ॥ २२ ॥

सिद्धि–शान्ति–लब्धि–वुद्धि–सहज–ज्ञान–दर्शनै. ।
चारित्र–वीर–विजय–चारु–राम–मृगाधिपै ॥ २३ ॥

मही–विशाल–विवुध–विनयैर्नय–सयुतै. ।
सर्व–प्रवोध–रूपैश्च गण–मेरु–वरैरपि ॥ २४ ॥

जयन्त–योग–ताराभि कला–पृथ्वी–हरि–प्रियै. ।
एतत्–प्रभृतिभि पूर्व–पदै स्यादभिधा पुन ॥ २५ ॥

मुनि नामान्द पद

शशाङ्क–कुम्भ–शैलाब्धि–कुमार–प्रभ–वल्लभै. ।
सिंह–कुञ्जर–देवैश्च–दत्त–कीर्ति–प्रियैरपि ॥ २६ ॥

प्रवरानन्द–निधिभी राज–सुन्दर–शेखरै. ।
वर्धनाकर–हसैश्च रत्न–मेरु–समूर्त्तिभि. ॥ २७ ॥

सार–भूषण–धर्मैश्च–केतु–पुङ्गव–पुण्ड्रकैः ।
ज्ञान–दर्शन–वीरैश्च पदैरेभिस्तथोत्तरै ॥ २८ ॥

जायन्ते साधुनामानि स्थितै. पूर्व पदात्परै. ।
अन्यानि यानि सहज नामानि विदितानि च ॥ २९ ॥

नृणा तान्युत्तमपदैर्भूषा यद्व्रतदानत ।
एव विदध्य त्सुगुरु. साधूना नामकीर्तनम् ॥ ३० ॥

एतेष्वेव परं सूरिपद स्यात्तत्पदागमे ।
गच्छस्वभाव–सज्ञासु न विभेदोऽभिधानत. ॥ ३१ ॥

उपाध्याय-वाचनार्यं नामानि खलु साधुवत् ।
व्रतिनीना तु नामानि यतिव्रत्पूर्वगे पदे ॥ ३२ ॥

साध्वी नामान्त पद

स्युरुत्तरपदेरेभिरनन्तरममीरितै ।
मतिश्चूला-प्रभा-देवी-लब्धि-सिद्धिवतीमुखै ॥ ३३ ॥
प्रवर्तिनीनामप्येव नामानि परिकीर्तयेत ।
महत्तराणा तै पूर्वं सर्वं पूर्वपदैरपि ॥ ३४ ॥
श्रीरुत्तरपदे कार्या नान्यासु व्रतिनीषु च ।
मुनिनामानि सर्वाणि स्त्रियामादादियोजनात् ॥३५॥
जायन्ते व्रतिनी मज्ञा श्रान्तै. कैश्चिन्महत्तरा ।
विशेषान्नन्दि-सेनान्ता मज्ञास्युर्जिनकल्पिनाम् ॥ ३६ ॥
शेषनामानि तुल्यान्युभयोरपि सर्वदा ।
विप्राणामपि नामानि वुद्धार्हद्विष्णुवेधसाम् ॥ ३७ ॥
गणेश-कार्त्तिकेयार्कश्चन्द्रशङ्करधीमताम् ।
विद्याधर-समुद्रादि-कल्पद्रु-जययोगिनाम् ॥ ३८ ॥
ममानान्युत्तमाना च नामानि परिकल्पयेत् ।
ब्रह्मचारि-क्षुल्लकयोर्न नाम्ना परिवर्तनम् ॥ ३९ ॥

(इसके बाद क्षत्रिय वैश्यादि के नामकरण का उल्लेख सर्व गा० ४९ तक है ।)

सारांश—प्राचीन काल मे साधु एव सूरिपद के समय नाम परिवर्तन नही होते थे, पर वर्तमान मे गच्छसयोग वृद्धि के हेतु ऐसा किया जाता है । १ योनि, २ वर्ग, ३. लभ्यालभ्य, ४ गण और ५ राशि-भेद को ध्यान मे रखते हुए शुद्ध नाम देना चाहिए । नाम मे पूर्व-पद एव उत्तर-पद इस प्रकार दो पद होते है । उनमे मुनियो के नामो मे पूर्वपद निम्नोक्त रक्खे जा सकते हैं—

१ शुभ, २ देव, ३ गुण, ४ आगम,
५. जिन, ६ कीर्ति, ७. रमा (लक्ष्मी), ८ चन्द्र,

९ शील,	१० उदय,	११ घन,	१२ विद्या,
१३ विमल,	१४ कल्याण,	१५. जीव,	१६. मेघ,
१७ दिवाकर,	१८ मुनि,	१९ त्रिभुवन,	२० अभोज(कमल),
२१ सुधा,	२२. तेज,	२३ महा,	२४ नृप,
२५ दया,	२६ भाव,	२७ क्षमा,	२८. सूर,
२९ सुवर्ण,	३० मणि,	३१ कर्म,	३२ आनन्द,
३३ अनन्त,	३४ धर्म,	३५ जय,	३६ देवेन्द्र,
३७ सागर,	३८ सिद्धि,	३९ शान्ति,	४० लब्धि,
४१ बुद्धि,	४२ सहज	४३ ज्ञान,	४४ दर्शन,
४५ चारित्र,	४६ वीर,	४७ विजय,	४८. चारु,
४९ राम,	५०. सिह(मृगाधिप)	५१ मही,	५२. विशाल,
५३ विबुध,	५४ विनय,	५५ नय,	५६. सर्व,
५७ प्रवोध,	५८. रूप,	५९ गण,	६० मेरु,
६१ वर,	६२. जयन्त,	६३ योग,	६४ तारा
६५. कला,	६६. पृथ्वी,	६७. हरि,	६८. प्रिय।

मुनियो के नाम के अन्त्य पद ये हैं—

१ शशाक (चन्द्र),	२ कुम्भ,	३. शैल,	४ लब्धि,
५ कुमार,	६ प्रभ,	७ वल्लभ,	८ सिंह,
९ कुजर	१० देव,	११ दत्त,	१२ कीर्ति,
१३ प्रिय,	१४ प्रवर,	१५ आनन्द,	१६ निधि,
१७ राज,	१८ सुन्दर,	१९ शेखर,	२० वर्द्धन,
२१ आकर,	२२ हस,	२३ रत्न,	२४ मेरु,
२५ मूर्ति,	२६ सार,	२७ भूषण,	२८ धर्म,
२९ केतु (ध्वज),	३० पुण्डूक(कमल),	३१ पुड्गव,	३२ ज्ञान,
३३ दर्शन,	३४ वीर इत्यादि।		

सूरि, उपाध्याय, वाचनाचार्यों के नाम भी साधुवत् समझें। साध्वियो के नाम मे पूर्व पद तो मुनियो के समान ही समझें। उत्तर पद इस प्रकार हैं—

१ मती, २. चूला, ३ प्रभा, ४. देवी, ५ लब्धि, ६ सिद्धि ७ वती।

प्रवर्तिनी के नाम भी इसी प्रकार हैं। महत्तरा के नामो मे उत्तर-पद "श्री" रखना चाहिए।

जिनकल्पी का नामान्त पद 'सेन' इतना विशेष समझना चाहिए। आगे ब्राह्मण एव क्षत्रियो के नामो के पद भी बतलाये है। विशेष जानने के लिए मूल ग्रन्थ का ८० वा उदय (पृ० ३८६–३८९) दृष्टव्य है।

खरतरगच्छ मे इन नामान्त पदो को वर्तमान मे 'नादि' या 'नदी' कहते है और इनकी सख्या ८४ (चौरासी) बतलायी है जबकि ऊपर नाम ६८ ही दिये हैं। विशेष खोज करने पर हमे बीकानेर मे खरतर-गच्छीय श्रीपूज्य श्री जिनचारित्रसूरिजी के दफ्तर एव अनेक फुटकर पत्रो मे ऐसी ८४ नामान्त पद सूची उपलब्ध हुई, पर उन सब मे पुनरुक्ति रूप मे पाये नामो को बाद देने पर जब ७८ रह गये तो खरतरगच्छ गुर्वावली आदि मे प्रयुक्त नामो का अन्वेषण करने पर जो नये नाम उपलब्ध हुए उन सब को अक्षरानुक्रम सूची यहा प्रस्तुत की जा रही है—

१ अमृत	२ आकर	३ आनन्द	४ इन्द्र
५ उदय	६ कमल	७ कल्याण	८. कलश
९ कल्लोल	१० कीर्ति	११ कुमार	१२ कुशल
१३ कुजर	१४ गणि	१५ चन्द्र	१६ चारित्र
१७. चित्र	१८ जय	१९ णाग	२० तिलक
२१ दर्शन	२२ दत्त	२३. देव	२४ धर्म
२५ ध्वज	२६ धीर	२७ निधि	२८. निधान
२९ निवास	३० नदन	३१ नन्दि	३२ पद्म
३३ पति	३४ प ल	३५ प्रिय	३६ प्रबोध
३७ प्रमोद	३८ प्रधान	३९ प्रभ	४० भद्र
४१ भक्त	४२ भक्ति	४३ भूषण	४४ भण्डार
४५ माणिक्य	४६ मुनि	४७ मूर्ति	४८ मेरु

४९ मण्डण	५०. मन्दिर	५१ युक्ति	५२ रथ
५३. रत्न	५४ रक्षित	५५ राज	५६ रुचि
५७. रग	५८ लब्धि	५९ लाभ	६० वर्द्धन
६१ वल्लभ	६२ विजय	६३ विनय	६४ विमल
६५ विलास	६६ विशाल	६७ शील	६८ शेखर
६९ समुद्र	७० सत्य	७१ सागर	७२ सार
७३ सिन्धुर	७४ सिंह	७५ सुख	७६ सुन्दर
७७ सेन	७८ सोम	७९. सौभाग्य	८० सयम
८१ हर्ष	८२ हित	८३ हेम	८४ हस

निम्नोक्त नामान्त पदो का भी उल्लेख मात्र मिलता है, पर व्यवहृत होते नही देखे गये—

कनक, पर्वत, चरित्र, ललित, प्राज्ञ, मुक्ति, दास, गिरि, नद, मान, प्रीति, छत्र, फण, प्रभद्र, तिय, हिंस, गज, लक्ष्य, वर, धर, सूर, सुकाल, मोह, क्षेम, वीर (खरतरगच्छ मे नही), तुग (अचलगच्छ)। इनमे से कोई पद नाम के पूर्व पद रूप मे अवश्य व्यवहृत हैं।

इसी प्रकार साध्वियो की नदिया (नामान्त पद) भी ८४ ही कही जाती है, पर उनकी सूची अद्यावधि कही भी हमारे अवलोकन मे नही आई। हमने प्राचीन ग्रन्थो, पत्रो, टिप्पणको आदि से जो कुछ नामान्त पद प्राप्त किये वे ये हैं—

१ श्री	२ माला	३ चूला	४ वती
५ मती	६ प्रभा	७ लक्ष्मी	८. सुन्दरी
९ सिद्धि	१०. निधि	११ वृद्धि	१२ समृद्धि
१३ वृष्टि	१४ दर्शना	१५ धर्मा	१६ मजरी
१७ देवी	१८ श्रिया	१९ शोभा	२०. वल्ली
२१ ऋद्धि	२२ सेना	२३ शिक्षा	२४ रुचि
२५ शीला	२६. विजया	२७ महिमा	२८ चन्द्रिका

अब दिगम्बर सम्प्रदाय एव खरतरगच्छ के अतिरिक्त श्वेताम्बरीय गच्छो मे भी जितने मुनि–नामान्त पदो का उल्लेख देखने मे आया है उनका विवरण भी यहा प्रस्तुत किया जा रहा है।

दिगम्बर—नन्दि, चन्द्र, कीर्ति, भूषण—ये प्राय नन्दि सघ के मुनियो के नामान्त पद है। सेन, भद्र, राज, वीर्य—ये प्राय. सेन सघ के मुनि–नामान्त पद हैं। ('विद्वद् रत्नमाला' पृष्ठ १८)

उपकेश गच्छ की २२ शाखाएँ

१	सुन्दर	२.	प्रभ	३	कनक	४	मेरु
५	सार	६	चन्द्र	७	सागर	८	हस
९	तिलक	१०	कलश	११	रत्न	१२	समुद्र
१३	कल्लोल	१४.	रग	१५	शेखर	१६	विशाल
१७	राज	१८	कुमार	१९	देव	२०	आनन्द
२१	आदित्य	२२	कुभ				

('उपकेशगच्छ पट्टावली', जन साहित्य सशोधक)

उपर्युक्त नन्दी सूचियो से स्पष्ट है कि कही-कही दिगम्बर विद्वान् यह समझने की भूल कर बैठते है कि भूषण, सेन, कीर्ति आदि नामान्त पद दिगम्बर मुनियो के ही हैं वह ठीक नही है। इन सभी नामान्त पदो का व्यवहार श्वेताम्बर सम्प्रदाय मे भी होता रहा है।

नाम परिवर्तन मे प्राय यथाशक्य यह ध्यान भी रखा जाता है कि मुनि की राशि उसके पूर्व नाम की रहे। बहुत स्थानो मे प्रथमाक्षर भी वही रक्खा जाता है। जैसे सुखलाल का दीक्षित नाम सुखलाभ, राजमल का राजसुन्दर, रत्नसुन्दर आदि।

तपागच्छ

श्री लक्ष्मीसागरसूरि (स० १५०८—१७) के मुनियों के नामान्त पद सोमचारित्र कृत 'गुरुगुणरत्नाकर' काव्य के द्वितीय सर्ग मे इस प्रकार लिखे हैं—

१. तिलक	२ विवेक	३. रुचि	४. राज
५ सहज	६. भूषण	७ कल्याण	८ श्रुत
९ नीति	१०. प्रीति	११ मूर्ति	१२. प्रमोद
१३ आनन्द	१४. नन्दि	१५. साधु	१६ रत्न
१७ मण्डण	१८. नन्दन	१९. वर्द्धन	२० ज्ञान
२१. दर्शन	२२. प्रभ	२३. लाभ	२४. धर्म
२५ सोम	२६. संयम	२७. हेम	२८. क्षेम
२९. प्रिय	३० उदय	३१. माणिक्य	३२. सत्य
३३ जय	३४. विजय	३५. सुन्दर	३६. सार
३७ वीर	३८. धीर	३९. चारित्र	४०. चन्द्र
४१. भद्र	४२ समुद्र	४३. शेखर	४४. सागर
४५ सूर	४६ मंगल	४७ शील	४८ कुशल
४९ विमल	५०. कमल	५१. विशाल	५२. देव
५३ शिव	५४. यश	५५ कलश	५६ हर्ष

५७ हंस इत्यादि पदान्ता सहस्रश. ।

श्री हीरविजयसूरिजी के समुदाय की १८ शाखाएँ :

१ विजय	२. विमल	३. सागर	४ चन्द्र
५ हर्ष	६. सौभाग्य	७. सुन्दर	८. रत्न
९ धर्म	१०. हंस	११. आनन्द	१२. वर्द्धन
१३. सोम	१४. रुचि	१५ सार	१६. राज
१७ कुशल	१८. उदय		

(ऐतिहासिक सज्झाय माला पृ० ९७)

खरतरगच्छ की विशेष परिपाटिया :

खरतरगच्छ में नन्दी नामान्त पद के सम्बन्ध की कतिपय विशेष परिपाटियां देखने-जानने मे आई हैं, जिनसे अनेक महत्वपूर्ण बातों का पता चलता है। अत. उनका विवरण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।

१ खरतरगच्छ के आदि पुरुष श्री वर्द्धमानसूरिजी के शिष्य श्री जिनेश्वरसूरिजी के पट्टधर आचार्यों के नाम का पूर्वपद 'जिन' रूढ हो गया है। इसी प्रकार इनके शिष्य सुप्रसिद्ध सवेगरगशाला-निर्माता श्री जिनचन्द्रसूरिजी से चतुर्थ पट्टधर का यही नाम रखे जाने की प्रणाली रूढ हो गई है।

२ युगप्रधानाचार्य गुर्वावली मे स्पष्ट है कि उस समय सामान्य आचार्यपद के समय, इसी प्रकार उपाध्याय, वाचनाचार्य पदो के एव साध्वियो के महत्तरा पद प्रदान के समय भी कभी-कभी नाम परिवर्तन अर्थात् नवीन नामकरण होता था।

३ तपागच्छादि मे गुरु-शिष्य का नामान्त पद एक ही देखा जाता है, परन्तु खरतरगच्छ मे यह परिपाटी नही है। गुरु का जो नामान्त पद होगा, वही पद शिष्य के लिए नही रखे जाने की एक विशेष परिपाटी है। इसमे क्वचित् शातिहर्ष के शिष्य जिनहर्ष गणि का नाम अपवाद रूप मे कहा जा सकता है। भिन्न नन्दि प्रथा अर्थात् गुरु के नामान्त पद से भिन्न होने वाले मुनि ने अपने ग्रन्थादि मे यदि गच्छ का उल्लेख नही किया हो तो उसके खरतरगच्छीय होने की विशेष सम्भावना की जा सकती है।

४ साध्वियो के नामान्त पद के लिए न० ३ वाली बात न होकर गुरु-शिष्या का नामान्त पद एक ही देखा गया है।

५ सब मुनियो की दीक्षा पट्टधर गच्छनायक आचार्य के हाथ से ही होती थी। क्वचित् दूरदेश आदि मे स्थित होने आदि विशेष कारण से अन्य आचार्य महाराज, उपाध्यायो आदि विशिष्ट पद-स्थित गीतार्थों को आज्ञा देते या वासक्षेप प्रेषण करते, तब अन्य भी दीक्षा दे सकते थे। नव दीक्षित मुनियो का नामकरण गच्छनायक आचार्य द्वारा स्थापित नन्दि (नामान्त पद) के अनुसार ही होता था।

उपरिवर्णित खरतरगच्छ की ८४ नन्दियो मे सर्वाधिक नन्दियो की स्थापना अकबर प्रतिबोधक युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी महाराज ने की थी। उनके द्वारा स्थापित ४४ नन्दियो की सूची हमने अपने

'युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरि' ग्रन्थ के पृष्ठ २५९-६१ मे प्रकाशित की है। यह सूची हमे उनके दो विहार-पत्रो मे जिसमे सवतानुक्रम मे चातुर्मास और विशिष्ट घटनाओ के सक्षिप्त उल्लेख सहित उपलब्ध हुई थी। दीक्षा समय एक साथ जितने भी मुनियो की दीक्षा हो, उन सब का नामान्त पद एक साथ ही रक्खा जाय, यह परिपाटी बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस पूर्व यह अनिवार्य नही हो रहा होगा। इस महत्वपूर्ण प्रथा से उस समय के अधिकाश मुनियो की दीक्षा का अनुक्रम नन्दी अनुक्रम से प्राप्त हो जाने से हमे तत्कालीन विद्वानो व शिष्यो का इस वैज्ञानिक पद्धति से सम्पादन करने मे बडी सुविधा हो गई थी। जैसे गुणविनय और समयसुन्दर दोनो समकालीन मूर्धन्य विद्वान् थे, पर दीक्षा पर्याय मे कौन छोटा-बडा था ? यह जानने के लिए नन्दी अनुक्रम का सहारा परम उपयोगी सिद्ध हुआ। इसके अनुसार हम कह सकते हैं कि गुणविनय की दीक्षा प्रथम हुई थी क्योकि उनकी विनय नन्दी का क्रमाक ८ वा है और सुन्दर नन्दो का क्रमाक २० वा है।

उपर्युक्त नन्दी प्रथा से आकृष्ट होकर हमने विकीर्ण पत्रो मे, पृष्ठे-टिप्पणिका, हर्ष-टिप्पणिका आदि मे इसकी विशेष शोध की। श्रीपूज्यो के दफ्तर तो इसके विशेप आकर हैं। पीछे के दफ्तरो को देखने से पता चलता है कि एक नन्दि (नामान्त-पद) एक साथ दीक्षत मुनियो के लिए एक ही वार व्यवहृत न होकर कई बार दीक्षाएँ दिये जाने पर भी चलती रहती थी अर्थात् 'चन्द्र नन्दी चालु की और उसमे अधिक दीक्षाएँ नही हुई तो एक दो वर्ष चल सकती है अथवा निधन जैसी दुर्घटना या दीक्षा नाम स्थापन मे गुरु-शिष्य के नाम, मुहूर्त-राशि आदि प्रतिकूल बैठ जाने से नन्दि बदली जाती थी, अन्यथा गच्छनायक की इच्छा और लाभालाभ के हिसाब से लम्बे समय तक भी चल सकती थी।

६ युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी से अब तक तो खरतरगच्छ मे एक और विशेप प्रणाली देखी जाती है कि पट्टधर आचार्य का नामान्त पद जो होगा, सर्वप्रथम वही नन्दी स्थापन की जायगी। जैसे जिनचन्द्रसूरि जी जब पहले-पहल मुनियो को दीक्षा देंगे तो उनका नामान्त पद भी अपने नामान्त पदानुसार 'चन्द्र' ही रखेंगे। उनके प्रथम शिष्य सकलचन्द्र-

मणि थे। इसी प्रकार जिनसुखसूरि पहले 'सुख' नन्दि, जिनलाभसूरिजी 'लाभ' नन्दि, जिनभक्तिसूरिजी 'भक्ति' नन्दि ही सर्वप्रथम रखेगे। अर्थात् नव दीक्षित मुनियो का नामान्त पद सर्व प्रथम अनिवार्य रूप से वही रखा जायगा।

७ खरतरगच्छ मे समाचारी मर्यादा प्रवर्तक आचार्य श्री जिनपतिसूरिजी ने दप्तर-इतिहास या डायरी रखने की बहुत ही सुन्दर और उपयोगी परिपाटी प्रचलित की थी। ऐसी दफ्तर वही मे जिस सवत् मिती मे जिन्हे दीक्षित किया एव सूरिपद, उपाध्यायपदादि दिये उसकी पूरी नामावली लिख लेते थे। जहा-जहा विचरते थे वहा की प्रतिष्ठा, सघ-यात्रा आदि महत्त्पूण कार्यों एव घटनाओ का उल्लेख उसमे अवश्य किया जाता एव विशिष्ट श्रावको के नाम, परिचय, भक्तिकार्यादि का विवरण लिखा जाता रहा। जैसलमेर भण्डार की प्राचीन सूची मे एक ऐसी ३५० पत्रो की प्रति होने का उल्लेख देखा था पर वह अनुपलब्ध है। खरतरगच्छ अनेक शाखाओ मे विभक्त हो गया और वे शाखाएँ नाम शेष हो गई एव जो सामग्री थी, नष्ट हो गई। यदि वह सामग्री उपलब्ध होती तो खरतरगच्छ का ऐसा सर्वांगपूर्ण व्यवस्थित इतिहास तैयार होता, जैसा शायद ही किसी गच्छ का हो। भारतीय इतिहास मे ये दफ्तर-इतिहास, गुर्वावली, ख्यात आदि अत्यन्त मूल्यवान सामग्री है। हमे सर्व प्रथम दफ्तर जिसका नाम 'युगप्रधानाचार्य गुर्वावली' है,स० १३९३ तक का उसमे विवरण उपलब्ध है। इसके बाद स० १७०७ से वर्तमान तक का परवर्ती दफ्तर सप्राप्त है। मध्यकालीन जिनभद्रसूरिजी और यु० श्री जिनचन्द्रसूरिजी के समय के ३०० वर्षों का दफ्तर मिल जाता तो सर्वांगपूर्ण इतिहास तैयार करने मे हम सक्षम होते। यदि किसी ज्ञान भण्डार मे, बिना सूची के अटाले मे सौभाग्यवश मिल जाय तो उसकी पूर्णतया शोध होना आवश्यक है।

स० १७०७ से वर्तमान तक का एक दफ्तर जयपुर गद्दी के श्री पूज्य श्री जिनधरणेंद्रसूरिजी तक का उपलब्ध है जिसमे अनेकश पुराने दफ्तर से उद्धृत करने का जिक्र है। यद्यपि वह इतना व्यवस्थित नही है फिर भी उसमे राजस्थान, गुजरात के सैकडो गावो और वहा के श्रावको का उल्लेख है जो मूल्यवान सामग्री है। इसी प्रकार खरतर-

गच्छ की अन्यान्य शाखाओं के दफ्तर मिल जाए तो कितना उत्तम हो। बीकानेर श्रीपूज्यो की गद्दी का दफ्तर देखा है एव आचार्य शाखा की कुछ दीक्षानन्दी सूचिया मिली हैं। अन्य सभी शाखाओ की सामग्री खो गई, नष्ट हो गई है। परन्तु, प्राप्त दफ्तर मे जो यति/मुनियो को नामावली दी है वह मूल पुस्तक के अग्र भाग मे दी गई है। इस नामावली मे दी गई दीक्षाए केवल एक वर्ष मे और एक ही नन्दी मे हुई हैं। श्री जिनरत्नसूरिजी श्रीपूज्य आचार्य थे जो त्यागी, पच व्रतधारी थे। उस जमाने मे सभी गच्छो मे गच्छनायक श्रीपूज्य कहलाते और उन्हे यति कहा जाता था। साधु, यति, ऋषि, मुनि, श्रमण, निर्ग्रन्थ, भिक्षु, मुण्ड आदि १० पर्यायवाची शब्द हैं। स० १७०७ से पूर्व श्री जिनरत्नसूरिजी या उनके पूर्ववर्ती आचार्यों ने दीक्षाएँ दी, उनकी सूची अप्राप्त है। इस सूची से वे कहा-कहा विचरे, कहा किसे और किस सवत् मिती, स्थान मे दीक्षा दी, गुरु का नाम, गृहस्थावस्था का नाम, दीक्षानाम, शाखा आदि अनेक बातो का पता चल जाता है। एक-एक नन्दी मे, बीस, पचास, सत्तर तक दीक्षाएँ हुई जिनका प्रामाणिक विवरण ऐसे दफ्तरो मे मिलता है। यदि इतिहासकारो के पास ऐसे दुर्मूल्य दस्तावेज हो तो उनकी अनेक समस्याए हल हो सकती हैं। प्रामाणिक विवरण प्राप्त करने का परिश्रम और समय की बचत हो सकती है। रास, चौपाई, तीर्थमाला, शिलालेख, प्रशस्तियो आदि सन्दर्भ समर्थित प्रामाणिक इतिहास लिखा जा सकता है।

नन्दी या नामान्त पद सम्बन्धी जिन-जिन मर्यादाओ, विधाओ का ऊपर उल्लेख किया गया है वह सब खरतरगच्छ की श्री जिनभद्रसूरि परम्परा-बृहत्शाखा के दृष्टिकोण से यथाज्ञात लिखा है। सम्भव है इस विशाल गच्छ की अनेक शाखाओ की परिपाटी मे भिन्नता भी आ गई हो। यह शोध का विषय सामग्री की उपलब्धि पर निर्भर है।

वर्तमान मे उपर्युक्त परिपाटी केवल यति समाज मे ही है। जहा परम्परा मे हजारो यतिजन थे वे क्रमश. आचारहीन होते गये, क्रिया उद्धार करने वाले मुनिजनो से उनका सम्बन्ध विच्छेद होता गया। कुछ आचारवान विद्वानो के अतिरिक्त यतिजन भी गृहस्थवत् हो गये। मर्यादाएँ मरणोन्मुख होती जाने से अब दफ्तर लेखन प्रणाली भी नामशेष

हो रही है। खरतरगच्छीय मुनियो मे अभी एक शताब्दी से उन प्राचीन परिपाटियो/प्रणालियो का व्यवहार वन्द हो गया है। अब उनमे केवल 'सागर' नन्दी और श्री मोहनलालजी महाराज के समुदाय मे 'मुनि' एव साध्वियो मे "श्री" नामान्त पद ही रूढ हो गया है। गुरु-शिष्यो का एक ही नामान्त पद हो जाने से उतना सौष्ठव नही रहा। साध्वियो के नाम व दीक्षा आदि का विवरण जयपुर श्रीपूज्यजी के दफ्तर मे स० १७८३ से उपलब्ध है। त्याग वैराग्यमय परम्परा शिथिल होते, यतिनी-साध्वी परम्परा का नामशेष होना अनिवार्य था। सवेगी परम्परा मे वे परिपाटिया तो शेष हो गई पर जिन शासन की उन्नति एव शासन-प्रभावना मे चार चाद लग गये।

हमारे ऐतिहासिक परिशीलन मे गत पचास वर्षो मे खरतरगच्छीय दृष्टिकोण से जो देखा, अनुभव किया वही ऊपर लिखा गया है। इसी प्रकार अन्य विद्वानो को अन्य गन्थो के नामान्त पद सम्बन्धी विशेष परिपाटियो का अनुसन्धान कर उन पर प्रकाश डालना अपेक्षित है। आशा है इस ओर विद्वद्गण ध्यान देकर इतिहास के वन्द पृष्ठो को खोलने का प्रयास करेंगे।

खम्भात मे आयोजित श्री महावीर विद्यालय, वम्बई द्वारा जन साहित्य समारोह के छठे अधिवेशन मे अध्यक्षीय भाषण के रूप मे प्रस्तुत निवन्ध पढा गया था जो प्रस्तुत ग्रन्थ की भूमिका स्वरूप था। वस्तुत यह विषय अत्यन्त महत्वपूण है। आत्मा के उत्थान/ऊर्ध्वीकरण हेतु सयम मार्ग मे दीक्षित होना अनिवार्य है। यह आत्मोत्थान की नीव है, आत्म साधना साहित्य-निर्माण, तीर्थ-मन्दिरो की प्रतिष्ठा, तपश्चरण, सघ-यात्रा एव जानतिक जीवन को ऊचा उठाने, धर्म-मार्ग मे लगाने आदि समस्त सत्कार्यो की स्व-पर-कल्याण कर्त्तृ सयम मार्ग का प्रवेश द्वार दीक्षा है। गत एक हजार वर्षो मे जो चैत्यवास को निरसन कर आध्यात्मिक क्रान्ति आयी और सुविहित मार्ग/खरतरगच्छ मे दीक्षित हुए उनका आंशिक लेखा-जोखा इस ग्रथ मे सगृहीत किया गया है।

खरतरगच्छ एक महान् गच्छ है जिसकी बारह शाखाओ का इतिहास लुप्त है, शाखाएँ नाम शेष हो गई उनके क्रमिक इतिहास के दफ्तर भी अप्राप्त हैं। वर्तमान मे जितना भी उपलब्ध है, इस ग्रन्थ मे

सगृहीत है। यह सम्पूर्णतया नही पर खण्ड-खण्ड मे उपलब्ध हैं। प्रथम खण्ड गणधर सार्द्ध शतक वृत्ति के आधार पर श्री वर्द्धमानसूरि से जिनदत्तसूरि तक है। उस समय हजारो दीक्षाएँ सम्पन्न हुई थी पर थोडे से नाम उपलब्ध हुए। दूसरा खण्ड जिनपालोपाध्याय द्वारा स० १३०५ मे दिल्ली निवासी सेठ साहुली सुत हेमा की अभ्यर्थना से रचित है। बाद मे स० १३९३ तक युगप्रधान गच्छनायको के साथ वाले प्रामाणिक मुनियो द्वारा दैनदिनी की भांति सकलित है। युगप्रधानाचार्य गुर्वावली ही एतद्विषयक विश्व साहित्य का अजोड ग्रन्थ है। बाद को दीक्षाएँ विज्ञप्ति महालेख और रास-चौपई आदि के आधार से व पट्टावलियो मे प्राप्त सामग्री पर आधृत है। अकबर प्रतिबोधक चतुर्थ दादा श्री जिनचन्द्र-सूरि जी ने जिनका साधु सघ दो हजार के लगभग था, ४४ नन्दियो मे दीक्षा दी थी।

नन्दी शब्द महाकल्याणकारी है, भगवान के चौमुख समवशरण के सम्मुख दीक्षा, व्रत-ग्रहण आदि क्रियाएँ सम्पन्न होती हैं इसी से नामान्त पद को नन्दी कहते हैं। समवशरण त्रिगडे पर 'नन्दी मण्डाण' कहलाता है। गुजरात मे विचरते खरतरगच्छ के ४० आचार्यो को सघ-यात्रा से पाटण लौटने पर वस्त्र द्वारा सम्मानित करने का उल्लेख मिलता है। जिनकुशलसूरि पट्टाभिषेक रास मे ७०० साधु और २४०० साध्विया होने का उल्लेख है। जिनदत्तसूरिजी ने जहा हजारो दीक्षाएँ दी और लक्षाधिक नव्य जैन बनाये। जैसलमेर भण्डार में ३५० पत्रो का इतिहास था जो अप्राप्त है। खरतर-गच्छीय विद्वानो द्वारा साहित्य निर्माण बहुत बडी सख्या में हुआ। सरक्षण न मिलने से बहुत साहित्य अप्राप्त हो गया। गन्थो की पुष्पिकाओ और प्रशस्तियो व अभिलेखो का सग्रह किया जाय तो उसमे बहुत सा इतिहास उपलब्ध हो सकता है।

पर्वाचार्य सभी पच महाव्रतधारी और परिग्रह त्यागी थे, इधर १५०–२०० वर्षों में आचार-शैथिल्य बढा और क्रमश नामशेष हो रहे हैं। बीकानेर और जयपुर के अतिरिक्त ३५० वर्ष से प्राचीन इतिहास तो सर्वथा अनुपलब्ध है। श्री जिनधरणेन्द्रसूरिजी के प्राप्त दफ्तर मे स० १७०७ से दीक्षा न दी सूची प्राप्त हुई जो दूसरे खण्ड मे दे दी गई हैं। □

—भंवरलाल नाहटा

खरतर-गच्छ दीक्षा नन्दी सूची

[पूर्व इतिहास]

प्रथम खण्ड

पूर्व इतिहास

भगवान महावीर का शासन चढती-पडती १३ उदयो के बावजूद भी इक्कीस हजार वर्ष तक अखण्ड रहेगा, इन आप्त-वचनो के अनुसार आचार-शैथिल्य और चैत्यवास के अन्धकार युग की अनुभूति श्री हरिभद्र-सूरि जैसे महान् आचार्य ने अपने शिर शूल के रूप मे सम्बोध प्रकरण मे अभिव्यक्त की है। उनके समय मे चैत्यवास के उन्मूलन का काल परिपक्व नही हुआ था, फिर भी सुविहित साधु-वर्ग का सर्वथा दुष्काल नही था। तिमिरावसान का समय आया और चैत्यवास के अस्तगत होने के हेतु उदय काल का प्रादुर्भाव हुआ तथा आगम-सम्मत आचार-सम्पन्न महापुरुषो का तेज प्रसरित होने लगा, जिसके प्रभाव से बौद्धधर्म की भाति भारत से लुप्त होते-होते जैन धर्म बच गया, तीर्थंकर-वाणी सत्य हो गई। बौद्धधर्म तो अपनी सुविधावादी नीति से विदेशो मे भी पर्याप्त खप गया, पर जैन धर्म अपने चुस्त आचार-विचारो के कारण विदेशो मे कथचित् विस्तार पाकर भी स्थायित्व प्राप्त करने मे अक्षम रहा। शिथिलाचार प्रवाहित चैत्यवासियो मे आध्यात्मिक चेतना वाले त्याग-वैराग्य सम्पन्न सन्त-महात्मा शुद्ध मार्ग को ओर उन्मुख हुए, श्रावकगण भी उनके प्रभाव से मुक्त होकर विधि-मार्ग की ओर आकृष्ट हुए। जैनाचार्यों ने क्षत्रिय, ब्राह्मण, कायस्थ और वैश्यादि जातियो के नये खून से/नव्य प्रतिबोधित जातियो से जैन प्रजा मे नव चेतना का सचार किया और धर्म को सुव्यवस्थित रूप दिया। इस विषय के महत्वपूर्ण कार्य सर्जक दादा जिनदत्तसरि और उनके पूर्व व पश्चात्वर्ती ज्योतिर्धरो के नाम उल्लेख योग्य है। स्वर्गीय दादा जिनदत्तसूरिजी ने गुरुदेव श्री सहजानन्दजी महाराज से यह रहस्य बतलाया था कि हमारे समय मे जो योग्यता जैनेतरो मे थी वह आज जैनो मे भी नही है। तभी उस

समय जैनतेर लोग वीतराग मार्ग से प्रभावित होकर शासनोद्धार मे सहयोगी वने तथा मठवासी, चैत्यवासो लोग भी अपनी शुद्धि कर, सुविहित उप-सम्पदा ग्रहण कर स्व-पर-कल्याण पथ के पथिक बने।

वर्द्धमानसूरि

अभोहर देश के चौरासी चैत्यो के अधिपति जिनचन्द्र के शिष्य वर्द्धमान ने सुविहित आचार्य उद्य तनसूरिजी के पास अ कर त्याग वैराग्य पूर्वक उप-सम्पदा ग्रहण की और वद्धमा सृरि वने। उनके पास महान् प्रतिभा सम्पन्न जिनेश्वर और बुद्धिसागर भ्राताओ और कल्याणमति वहिन ने दीक्षा लो। वर्द्धमानसूरि जव पाटण पधारे तब उनके साथ १८ ठाणा अर्थात् १७ शिष्य थे, जिनके नाम अन्वेषणीय है। वद्धमानसूरि ने जिनेश्वर और बुद्धिमागर को आचार्य पद दिया। चत्यवासियो पर विजय प्राप्ति स्वरूप खरतर-विरुद प्रसिद्ध हुआ और यही से सुविहित विधि-मार्ग, कोटिक गण चन्द्रकुल वज्रशाखा मे खरतरगच्छ कहलाने लगा।

जिनेश्वरसूरि

श्री जिनेश्वरसूरिजी महाराज के जिनचन्द्रसूरि, अभयदेवसूरि, धनेश्वरसूरि, हरिभद्रसूरि, प्रसन्नचन्द्रसूरि आदि आचार्य एव धर्मदेव, सुमति, विमल आदि अनेक शिष्य उपाध्याय हुए। धर्मदेवोपाध्याय और सहदेव दोनो भाई थे। धर्मदेवोपाध्याय ने हरिसिंह व सर्वदेव भ्राताओ तथा सोमचन्द्र को शिष्य वनाया।

सहदेव गणि ने अशोकचन्द्र को अपना शिष्य बनाया जिसे जिनचन्द्र-सूरि ने सुशिक्षित कर आचार्य पदारूढ किया। इन्होने अपने स्थान पर हरिसिंहाचार्य को स्थापित किया। प्रसन्नचन्द्र और देवभद्र नामक दा सूरि और थे। देवभद्रसूरि सुमति उपाध्याय के शिष्य थे। प्रसन्नचन्द्र आदि चार शिष्यो को अभयदेवसूरिजी ने न्याय शास्त्रादि पढाये—१ प्रसन्नचद्र, २ वर्द्धमान, ३ हरिभद्र, ४ देवभद्र। डिडियाणा मे प्रवर्त्तिनी मरुदेवी ने ४० दिन का सथारा लिया हुआ था उसे सलेखना कराई। उन गाथाओ मे 'तुम्ह गच्छम्मि' लिखा है। इनके सिवाय विस्तृत मुनि मण्डल

होगा। पर यहा तक साधु-साध्वियो के दीक्षा-सवतादिका इतिहास सोमचन्द्र (जिनदत्तसूरि) के अतिरिक्त अप्राप्त हैं। श्री अभयदेवसूरि जी के प्रिय तेजस्वी शिष्य जिनवल्लभसूरि का भी दीक्षा समय अज्ञात है।

जिनदत्तसूरि :

इन्होने वागड देश मे अनेक साधु-साध्वियो को दीक्षा दी। जिनशेखर को उपाध्याय पद देकर मुनियो के साथ रुद्रपल्ली भेजा। जयदेवाचार्य, जिनप्रभाचार्य, गुणचन्द्र, विमलचन्द्र, जिनरक्षित, शीलभद्र को अपनी मा के साथ, जयदत्त रामचन्द्र, जीवानन्द, ब्रह्मचन्द्र, जिनरक्षित, शीलभद्र, वरदत्त, श्रीमती, जिनमती, पूर्णश्री को अध्ययनार्थ धारा नगरी भेजा। अध्ययन कर वापस आने पर श्री जिनदत्तसूरिजी ने स्वदीक्षित जीवदेवाचार्य को आचार्य पद दिया। जिनचन्द्रगणि, वा० शीलभद्रगणि, वा० स्थिरचन्द्र गणि, ब्रह्मचन्द्र गणि, वा० विमलचन्द्र गणि, वा० वरदत्त गणि, वा० भुवनचन्द्र गणि, वरनाग गणि, वा० रामचन्द्र गणि, वा० मणि चन्द्रगणि एव श्रीमती, जिनमति, पूर्णश्री, ज्ञानश्री, जिनश्री पाचो साध्वियो को महत्तरा पद से विभूषित किया। हरिसिंहाचार्य के शिष्य मुनिचन्द्र को उपाध्याय पद, उनके शिष्य वा० जयसिह को चित्तौड मे आचार्य पद, उसके शिष्य जयचन्द को पाटण मे समवशरण मे आचार्य पद दिया। जीवानन्द को उपाध्याय पद दिया। गुर्वावली मे लिखा है कि यदि इनका पूरा विवरण लिखें तो एक वडा ग्रन्थ हो जाय।

मणिधारी जिनचन्द्रसूरि :

इनकी दीक्षा श्री जिनदत्तसूरि जी के करकमलो से स० १२०३ फा० सु० ९ को अजमेर मे हुई और स० १२०५ वै० सु० ६ को पट्टधर आचार्य बनाया। इन्होने स० १२१४ त्रिभुवन गिरि (तहनगढ) मे प्रतिष्ठा व हेमदेवी को प्रवर्तिनी पद देकर स० १२१७ मे फाल्गुन सुदि १० को मथुरा मे पूर्णदेव, जिनरथ, वीरभद्र, वीरजय, जगहित, जयशील, जिन-भद्रादि सहित जिनपतिसूरि को दीक्षा दी। श्रे० क्षेमधर को प्रतिबोध दिया। उसी वर्ष वैसाख सु० १० को मरुकोट मे चन्द्रप्रभ विधि चैत्य मे स्वर्ण कलश-ध्वज दण्डारोहण किया। गोल्लक सेठ तथा क्षेमधर ने

५०० द्रम से माला ग्रहण की। स० १२१८ उच्चानगरी मे ऋषभदत्त, विनयचन्द्र, विनयशील, गुणवर्द्धन, मानचन्द्र ५ साधुओ, जगश्री, सरस्वती, गुणश्री आदि साध्वियों को दीक्षा दी। देवभद्र की पत्नी को भी दीक्षित किया। आशिका मे मुनि नागदत्त को वाचनाचार्य पद दिया।

जिनपतिसूरि :

इनका जन्म स० १२१० मे विक्कमपुर मे, दीक्षा स० १२१७ फा०सु० १०, पदारोहण स० १२२३ का० सु० १३ को हुआ। वाचनाचार्य पद धारक जिनभद्राचार्य को आचार्य पद देकर द्वितीय श्रेणी का आचार्य बनाया। पद्मचन्द्र, पूर्णचन्द्र को दीक्षित किया। स० १२२४ मे विक्रमपुर मे गणधर, गुणशील, पूर्णरथ, पूर्णसागर, वीरचन्द्र, वीरदेव को क्रमश ३ नन्दिया स्थापित कर दीक्षा दी। जिनप्रिय मुनि को उपाध्याय पद दिया। स० १२२५ पुष्करणी मे सपत्नीक जिनसागर, जिनाकर, जिनवन्धु, जिनपाल, जिनधर्म, जिनशिष्य व जिनमित्र को दीक्षा दी। विक्रमपुर आकर जिनदेवगणि को दीक्षा दी। स० १२२७ मे उच्चा नगरी पधारकर धर्मसागर, धर्मचन्द्र, धर्मपाल, धर्मशील, धनशील, धर्ममित्र एव साथ ही धर्मशील की माता को भी दीक्षित किया। जिनहित मुनि को वाचनाचार्य पद दिया।

श्री जिनपतिसूरि ने मरुकोट पधारकर शीलसागर, विनयसागर और उनकी वहिन अजितश्री को सयम व्रत दिया। स० १२२८ मे सागरपाडा पधारे।

स० १२२९ सागरपाडा मे मणिभद्र के पट्ट पर विनयभद्र को वाचनाचार्य पद दिया।

स० १२३० मे विक्रमपुर से विहार कर स्थिरदेव, यशोधर, श्रीचन्द्र, अभयमति, आसमति, श्री देवी को दीक्षा दी।

स० १२३२ मे पुन विक्रमपुर आकर भाण्डागारिक गुणचन्द्र गणि के स्तूप की प्रतिष्ठा की। फिर आसिका पधारे तो उस समय साथ मे ८० साधु थे। धर्मसागर, धर्मरुचि को दीक्षा दी। व्याघ्रपुर मे पार्श्वदेव गणि को दीक्षित किया।

स० १२३४ मे फलवर्द्धिका मे प्रतिष्ठा कर श्रीजिनमत गणि को उपाध्याय पद दिया। सूरिजी उन्हे आचार्य पद देते थे पर उन्होने अस्वीकार कर दिया। गुणश्री साध्वी को महत्तरा पद दिया। वही पर सर्वदेवाचार्य और जयदेवी साध्वी की दीक्षा सम्पन्न हुई। वहा से अजमेर जाकर स० १२३५ का चातुर्मास किया और जिनदत्तसूरि स्तूपोद्धार करवाया। देवप्रभ तथा उसकी मा चरणमति को दीक्षा दी।

स० १२४१ मे फलौदी आकर जिणनाग, अजित, पद्मदेव, गणदेव, यमचन्द्र, धर्मश्री व धर्मदेवी साधु-साध्वियो को दीक्षित किया।

स० १२४४ मे सघयात्रा व प्रद्युम्नाचार्य से शास्त्रार्थ के पश्चात् अणहिलपुर पाटण मे पधारे और गच्छ के आचार्यों को वस्त्र देकर सम्मानित किया।

लवणखेडा मे पूर्णदेव गणि, मानचन्द्र गणि, गुणभद्र गणि को वाचनाचार्य पद दिया। पुष्करिणी नगरी (पोकरण) मे स० १२४५ फाल्गुन मास मे धर्मदेव, कुलचन्द्र, सहदेव, सोमप्रभ, सूरप्रभ, कीर्त्तिचन्द्र, सिद्धसेन, रामदेव और चन्द्रप्रभ आदि मुनियो तथा सयमश्री, शान्तमति, रत्नमति आदि साध्वियो को दीक्षा दी।

स० १२४७–४८ मे लवणखेडा मे रहकर मुनि जिनहित को उपाध्याय पद दिया। स० १२४९ मे पुष्करिणी आकर मलयचन्द्र को दीक्षा दी। स० १२५० मे विक्रमपुर आकर पद्मप्रभ को आचार्य पद दिया और उन्हे सर्वदेवसूरि नाम से प्रसिद्ध किया। स० १२५१ मे कुहियप गाव मे जिनपाल गणि को वाचनाचार्य पद दिया।

स० १२५२ मे विनयानन्द गणि को दीक्षित किया। स० १२५३ मे सुप्रसिद्ध विद्वान् भण्डारी, नेमिचन्द्र को प्रतिबोध दिया।

स० १२५४ मे श्री धारा नगरी मे साध्वी रत्नश्री को दीक्षा दी।

स० १२५६ चैत्र वदि ५ को नेमिचन्द्र, देवचन्द्र, धर्मकीर्त्ति और देवेन्द्र को लवणखेटक मे दीक्षा दी।

स० १२५८ चैत्र वदि २ को वीरप्रभ, देवकीर्त्ति श्रावको को दीक्षा दी। इनको वडी दीक्षा स० १२६० मे आषाढ वदि ६ को हुई। साथ ही सुमति गणि व पूर्णभद्र गणि को दीक्षा दी, आनन्दश्री को महत्तरा पद दिया।

स० १२६३ फाल्गुन वदि ४ को लवणखेडा मे महावीर प्रतिमा स्थापना के अवसर पर नरचन्द्र, रामचन्द्र, पूर्णचन्द्र, विवेकश्री, मगलमती, कल्याणश्री, जिनश्री आदि साधु-साध्वियो को दीक्षा दी तथा धर्मदेवी को प्रवर्त्तिनी पद से विभूषित किया।

स० १२६५ लवणखेडा मे मुनिचन्द्र, मानचन्द्र, सुन्दरमति व आसमति को दीक्षा दी।

स० १२६६ मे भावदेव, जिनभद्र, विजयचन्द्र को दीक्षा दी। गुणशील को वाचनाचार्य वनाया एव ज्ञानश्री को साध्वी वनाया।

स० १२६९ मे जावालिपुर मे जिनपाल गणि को उपाध्याय पद दिया। धर्मदेवी प्रवर्त्तिनी को महत्तरा पद देकर नामान्तर 'प्रभावती' प्रसिद्ध किया। महेन्द्र, गुणकीर्त्ति, मानदेव, चन्द्रश्री, केवलश्री—पाचो को दीक्षित किया।

स० १२७४ मे वृहद्द्वार मे शास्त्रार्थ से लौटते हुए मार्ग मे भावदेव को मुनि दीक्षा दी।

स० १२७५ मे जावालिपुर मे जेठ सुदि १२ को भुवनश्री गणिनी, जगमती, मगलश्री एव विमलचन्द्र गणि, पद्मदेव गणि को दीक्षा दी।

स० १२७७ पालनपुर मे श्री जिनपतिसूरि आषाढ सुदि १० को स्वर्गवासी हुए।

जिनेश्वरसूरि (द्वितीय) :

श्री जिनेश्वरसूरि का जन्म मरोट में भण्डारी नेमिचन्द्र की पत्नी लक्ष्मणी की कोख से स० १२४५ मार्गशीर्ष शुक्ल ११ को हुआ था।

इनका जन्म नाम अम्बड था। स० १२५८ मे जिनपतिसूरि जी द्वारा वीरप्रभ नाम से खेड नगर मे दीक्षित हुए। सूरि पद स० १२७८ मा० सु० ६ मे हुआ, पट्टधर बने। स० १२७८ माघ सुदि ९ को जावालिपुर मे ७ शिष्यो को दीक्षाएं दी—

यशकलश गणि, विनयरुचि गणि, बुद्धिसागर गणि, रत्नकीर्ति गणि, तत्त्वप्रभ गणि, रत्नप्रभ गणि, अमरकीर्ति गणि।

स० १२७९ जेठ सुदि १२ को श्रीमालपुर मे निम्नोक्त दीक्षाएँ दी, इनमे साधुओ का नामान्त पद एक बिजय और दूसरा प्रभ था और साध्वियो का 'माला' था, नाम निम्नोक्त हैं :—

श्रीविजय, हेमप्रभ, तिलकप्रभ, विवेकप्रभ साधु तथा चारित्रमाला गणिनी, ज्ञानमाला, और सत्यमाला गणिनी—तीन साध्वियाँ।

स० १२७९ माघ सुदि ५ को जावालिपुर में हुई दीक्षाएँ—

अर्हद्दत गणि, विवेकश्री गणिनी, शीलमाला गणिनी, चन्द्रमाला गणिनी, विनयमाला गणिनी।

स० १२८० माघ सुदि १२ को पुन श्रीमालपुर मे प्रतिष्ठा और ध्वजारोपणादि के पश्चात् फाल्गुन कृष्ण १ के दिन ४ दीक्षाएँ सम्पन्न हुईं। यत.—

कुमुदचन्द्र, कनकचन्द्र तथा पूर्णश्री गणिनी व हेमश्री गणिनी।

स० १२८१ वैसाख सुदि ५ को जाबालिपुर मे निम्नोक्त ४ साधु और साध्वियो की दीक्षाएं हुई —विजयकीर्त्ति, उदयकीर्त्ति, गुणसागर, परमानन्द साधु और कमलश्री, कुमुद श्री साध्वियाँ।

स० १२८३ माघ बदि ६ को बाडमेर मे सूरप्रभ को उपाध्याय पद और मगलमति गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया गया। वीरकलश गणि, नन्दि-वर्द्धन गणि और विजयवर्द्धन गणि को दीक्षा दी।

स० १२८४ मे बीजापुर पधारकर श्रीवासुपूज्य स्वामी की स्थापना की और आषाढ सुदि २ अमृतकीर्ति गणि, सिद्धिकीर्त्ति गणि एव चारित्रसुन्दरी, धर्मसुन्दरी गणिनी को दीक्षा दी।

सं० १२८५ ज्येष्ठ सुाद २ को कीर्त्तिकलश गणि, पूर्णकलश गणि व उदयश्री गणिनी को बीजापुर मे ही दीक्षित किया। और, वही ज्येष्ठ सुदि ६ को न्यायचन्द्र, विद्याचन्द्र एवं अभयचन्द्र गणि को दीक्षा दी ।

स० १२८७ फाल्गुन बदि ५ को पालनपुर मे जयसेन, देवसेन, प्रबोधचन्द्र, अशोकचन्द्र गणि और कुलश्री गणिनी, प्रमोदश्री गणिनी को दीक्षा देकर उपकृत किया ।

स० १२८८ पौष सुदि ११ को जालोर मे निम्नोक्त दीक्षाएं दी—

१ कल्याणकलश, २ प्रसन्नचन्द्र, ३ लक्ष्मीतिलक, ४ वीरतिलक, ५ रत्नतिलक पाँच मुनि तथा धर्ममति, विनयमति, विद्यामति, चारित्रमति चार साध्वियो को दीक्षित किया ।

स० १२८८ ज्येष्ठ शुक्ला १२ को चित्तौड मे अजितसेन, गुणसेन, अमृतमूर्ति, धर्ममूर्ति, राजीमति, हेमावली, रत्नावली गणिनी तथा मुक्तावली गणिनी की दीक्षाएं हुई ।

स० १२६१ मे वैसाख सुदि १० को जाबालिपुर मे श्री जिनेश्वर-सूरिजी महाराज ने १ यतिकलश, २ क्षमाचन्द्र, ३ शीलरत्न, ४ धर्मरत्न, ५ चारित्ररत्न, ६ मेघकुमार गणि, ७ अभयतिलक, ८ श्रीकुमार मुनि एव शीलसुन्दरी तथा चन्दनसुन्दरी साध्वियो को दीक्षा दी। मिती ज्येष्ठ वदि २ के दिन मूल नक्षत्र मे श्री विजयदेवसूरि को आचार्य पद से विभूषित किया। स० १२६४ मे श्रीसघहित मुनि को उपाध्याय पद दिया ।

स० १२६६ मे पालनपुर पधार कर फाल्गुन वदी ५ को प्रमोदमूर्त्ति, प्रबोधमूर्त्ति, देवमूर्ति गणि —तीनो को दीक्षा प्रदान की।

सं० १२६७ मिती चैत्र सुदि १४ के दिन पालनपुर मे देवतिलक व धर्मतिलक को दीक्षा दी ।

स० १२६६ के प्रथम आश्विन मास की द्वितीया के दिन प्रगाढ वैराग्य के वशीभूत छाजहड महामत्री कुलधर को दीक्षा देकर कुलतिलक मुनि नाम रखा।

स० १३०४ वै० शु० १४ को विजयवर्द्धन गणि को आचार्य पद से

विभूषित कर उनका नाम बदलकर जिनरत्नाचार्य रखा एव निम्नलिखित साधुओ को दीक्षा प्रदान की :—

१ त्रिलोकहित, २ जीवहित, ३ धर्माकर, ४ हर्षदत्त, ५ सघप्रमोद, ६ विवेकसमुद्र, ७ देवगुरुभक्त, ८ चारित्रगिरि, ९ सर्वज्ञभक्त, १० त्रिलोकानद ।

स० १३०९ माघ शुक्ल १२ को पालनपुर मे श्रीजिनेश्वरसूरि जी महाराज ने समाधिशेखर, गुणशेखर, देवशेखर, साधुभक्त, वीरवल्लभ मुनि तथा मुक्तिसुन्दरी साध्वी को दीक्षित किया । उसी वर्ष माघ सुदि १० को नगरकोट आदि अनेक स्थानो मे प्रतिष्ठापनार्थ अनेक प्रतिमाओ की अजनशलाका-प्रतिष्ठादि सम्पन्न हुई ।

स० १३१० वैशाख सुदि ११ को जावालिपुर (जालोर) मे चारित्रवल्लभ, हेमपर्वत, अचलचित्त, लाभनिधि, मोदमन्दिर, गजकीर्त्ति, रत्नाकर, गतमोह, देवप्रमोद, वीरानन्द, विगतदोष, राजललित, वहुचरित्र, विमलप्रज्ञ और रत्ननिधि—इन पन्द्रह साधुओ को प्रव्रज्या धारण कराई । इन पन्द्रह मे चारित्रवल्लभ और विमलप्रज्ञ पिता-पुत्र थे । इसी वर्ष वैशाख सुदि त्रयोदशी शनिवार स्वाति नक्षत्र मे श्री महावीर स्वामी के विधिचैत्य मे राजा उदयसिह जी आदि अनेक राजाओ की उपस्थिति मे राजमान्य महामत्री श्री जैत्रसिह जी के तत्वावधान मे अनेक धनी-मानी सज्जनो द्वारा विपुल द्रव्य व्यय कर प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी, जिसके लिए खरतर गच्छ का इतिहास द्रष्टव्य है । इस अवसर पर प्रमोदश्री गणिनी को महत्तरा पद देकर लक्ष्मीनिधि नाम दिया गया और ज्ञानमाला गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया गया ।

स० १३११ वैशाख सुदि ६ को पालनपुर मे प्रतिष्ठा महोत्सव के पश्चात् खरतर गच्छ की नौका के कर्णधार सस्कृत के प्रौढ विद्वान श्रीजिनपालोपाध्याय जी समाधिपूर्वक स्वर्ग सिधार गये ।

स० १३१२ वैशाख सुदि पूर्णिमा के दिन चन्द्रकीर्ति गणि को उपाध्याय पद प्रदान किया, उनका चन्द्रतिलकोपाध्याय नया नामकरण किया । इसी अवसर पर प्रबोधचन्द्र गणि और लक्ष्मीतिलक गणि को वाचनाचार्य पद से सम्मानित किया गया । इसके बाद ज्येष्ठ वदि १ को उपशमचित्त, पवित्रचित्त, आचारनिधि और त्रिलोकनिधि को दीक्षा दी ।

स० १३१३ फाल्गुन सुदि ४ को जालोर मे स्वर्णगिरि स्थित वाहित्रिक उद्धरण श्रावक कारित शान्तिनाथ मूर्ति की स्थापना की। चैत्र सुदि १४ को कनककीर्ति, त्रिदशकीर्ति, विवुधराज, राजशेखर, गुणशेखर तथा जयलक्ष्मी, कल्याणनिधि, प्रमोदलक्ष्मी और गच्छवृद्धि की दीक्षा हुई।

स० १३१३ आपाड सुदि १० को पालनपुर मे भावनातिलक, भरत-कीर्ति को दीक्षा दी।

स० १३१४ या १५ आपाढ सुदि १० को पालनपुर मे सकलहित और राजदर्शन मुनि एवं वुद्धिसमृद्धि, ऋद्धिसुन्दरी और रत्नवृष्टि साध्वी त्रय की दीक्षा सम्पन्न हुई।

स० १३१६ माघ मुदि १४ को जालोर मे धर्मसुन्दरी गणिनी को प्रवर्तिनी पद से विभूपित किया तथा माघ सुदि ६ को पूर्णशेखर, कनककलश को प्रव्रजित किया।

स० १३१७ माघ सुदि १२ को लक्ष्मीतिलक गणि को उपाध्याय पद पद से विभूषित किया तथा पद्माकर नामक व्यक्ति को दीक्षा दी गई। जिन प्रतिमादि के वडे भारी प्रतिष्ठा महोत्सव के पश्चात् वैशाख सुदि द्वादशी के दिन सौम्यमूर्ति तथा न्यायलक्ष्मी नामक साध्वियो की दीक्षा वड़े धूमधाम से करवाई गई।

स० १३१८ पौप सुदि तृतीया के दिन सघभक्त को दीक्षा और धर्म-मूर्त्ति गणि को वाचनाचार्य पद दिया गया।

स० १३१९ मिगसर सुदि ७ दिन अभयतिलक गणि को उपाध्याय पद दिया गया। इसी वर्ष उपाध्याय जी ने पं० देवमूर्ति आदि साधुओ के साथ उज्जैन पधारकर तपागच्छीय प० विद्यानद को शास्त्रार्थ मे जीतकर जय-पत्र प्राप्त किया।

स० १३१९ माह वदि ५ को विजयसिद्धि साध्वी की दीक्षा हुई।

स० ३१२१ फागुन सुदि २ गुरुवार को चित्रसमाधि और शातिनिधि साध्वी द्वय की दीक्षा हुई।

सं १३२१ ज्येष्ठ सुदि १५ को चारित्रशेखर, लक्ष्मीनिवास और रत्नावतार साधुत्रय को दीक्षा दी।

स० १३२२ माघ सुदि १४ को विक्रमपुर मे त्रिदशानद, शान्तमूर्त्ति, त्रिभुवनानद, कीर्तिमडल, सुबुद्धिराज, सर्वराज, वीरप्रिय, जयवल्लभ, लक्ष्मीराज और हेमसेन मुनियो को तथा मुक्तिवल्लभा, नेमिभक्ति, मगलनिधि, प्रियदर्शना को तथा विक्रमपुर मे ही वैशाख सुदि ६ को वीरसुन्दरी को दीक्षित किया ।

स० १३२३ मार्गशीर्ष वदि ५ को नेमिध्वज व विनयसिद्धि, आगमसिद्धि को दीक्षा दी ।

स० १३२३ वैशाख सुदि १३ के दिन देवमूर्त्ति गणि को वाचनाचार्य पद दिया गया । ज्येष्ठ सुदि १० को जेसलमेर मे विवेकसमुद्र गणि को वाचनाचार्य पद दिया । आषाढ वदि १ को हीराकरको दीक्षित किया ।

स० १३२४ मिति मार्गशीर्ष कृष्णा २ शनि को कुलभूषण, हेमभूषण दो मुनि तथा अनन्तलक्ष्मी, व्रतलक्ष्मी, एकलक्ष्मी, प्रधानलक्ष्मी साध्वी चार का महोत्सव के साथ जालोर मे दीक्षा महोत्सव हुआ ।

स० १३२५ वैशाख सु० १० को जावालिपुर मे राजेन्द्रबल साधु तथा पद्मावती साध्वी को दीक्षा दी । वैशाख सुदि १४ को धर्मतिलक गणि को वाचनाचार्य पद दिया ।

स० १३२७ मिति ज्येष्ठ वदि मे श्री गिरनार तीर्थ पर श्री नेमिनाथ भगवान के समक्ष १ प्रबोधसमुद्र और २ विनयसमुद्र को दीक्षा दी ।

स० १३२८ जेठ वदि ४ हेमप्रभा साध्वी को जालोर मे दीक्षा दी ।

स० १३३० मिति वैशाख वदि ६ को प्रबोधमूर्त्ति गणि को वाचनाचार्य पद एव कल्याणऋद्धि गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया ।

स० १३३१ आश्विन बदी ५ को वाचनाचार्य प्रबोधमूर्ति गणि को अपने पद पर स्थापित किया । ये श्रीचन्द्र बोथरा के पुत्र (बच्छावतो के पूर्वज) थे । आश्विन वदि ६ को रात्रि मे श्रीजिनेश्वरसूरि जी स्वर्गवासी हुए ।

जिनप्रबोधसूरि

इनका जन्म बच्छावतो के पूर्वज सेठ श्रीचद-श्रीयादेवी के यहा स० १२८५ मे हुआ । जन्म नाम मोहन था । दीक्षा स० १२९६ पालनपुर मे हुई, प्रबोधमूर्त्ति नाम रखा गया । स० १३३१ फाल्गुन बदि ८ को जिनरत्नसूरिजी

द्वारा चन्द्रतिलकोपाध्याय, लक्ष्मीतिलकोपाध्याय, वाचनाचार्य पद्मदेव गणि आदि की उपस्थिति मे इनकी आचार्य पद पर स्थापना हुई।

स० १३३१ फाल्गुन शुक्ला ५ को स्थिरकीर्त्ति भुवनकीर्त्ति दो मुनियो तथा केवलप्रभा, हर्षप्रभा, जयप्रभा, यश प्रभा साध्वियो को दीक्षा दी।

स० १३३२ ज्येष्ठ वदि ९ के दिन विमलप्रज्ञ को उपाध्याय पद व राजतिलक को वाचनाचार्य पद प्रदान किया। मिती ज्येष्ठ सुदि ३ के दिन गच्छकीर्त्ति, चारित्रकीर्त्ति, क्षेमकीर्त्ति मुनियो और लब्धिमाला, पुण्यमाला साध्वियो को जावालिपुर मे दीक्षित किया।

स० १३३३ माघ वदि १३ को जावालिपुर मे कुशलश्री गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया गया।

स० १३३४ मार्गशिर वदि १३ को रत्नवृष्टि गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया। तदनतर भीमपल्ली नगरी मे वैशाख वदि ६ को मगलकलश साधु को दीक्षित किया।

स० १३३४ जेठ वदि ७ को शत्रुजय महातीर्थ पर जीवानद साधु तथा पुष्पमाला, यशोमाला, धर्ममाला, लक्ष्मीमाला साध्वियो को दीक्षा दी।

स० १३३५ मार्गशीर्ष वदि ४ के दिन पद्मकीर्ति, सुधाकलश, तिलककीर्त्ति, लक्ष्मीकलश, नेमिप्रभ, हेमतिलक, नेमितिलक को मुनि दीक्षा दी।

स० १३३५ वै० वदि ७ को मोहविजय, मुनिवल्लभ को दीक्षा दी तथा हेमप्रभ गणि को वाचनाचार्य पद दिया।

स० १३३६ ज्येष्ठ सुदि ९ को जिनप्रबोधसूरि जी के पिता सेठ श्रीचंद (बोथरा) का अन्त समय ज्ञात कर, चित्तौड़ से शीघ्र पालनपुर जाकर उन्हे दीक्षित किया। उनका नाम श्रीकलश रखा गया। सेठ के द्रव्य को सात क्षेत्र मे बाँट दिया गया तथा दीन-अनाथो का भी मनोरथ पूर्ण किया गया।

स० १३३७ ज्येष्ठ वदि १२ को बीजापुर मे आनदमूर्त्ति व पुण्यमूर्त्ति को दीक्षित किया।

स० १३३९ मिती ज्येष्ठ वदि ४ को जगच्चन्द्र मुनि और कुमुदलक्ष्मी,

भुवनलक्ष्मी साध्वी को दीक्षा दी । चदनसुन्दरी गणिनी को महत्तरा पद देकर चन्दनश्री नाम प्रसिद्ध किया।

स० १३४० मिती ज्येष्ठ सुदि ४ के दिन जैसलमेर मे जिनप्रबोधसूरि जी ने निम्नोक्त दीक्षाए दी—१ मेरुकलश, धर्मकलश, लब्धिकलश मुनि एव पुण्यसुन्दरी, रत्नसुन्दरी, भुवनसुन्दरी, हर्षसुन्दरी साध्वी।

स० १३४१ फाल्गुन कृष्णा ११ को बिक्रमपुर मे विनयसुन्दर सोमसुन्दर, लब्धिसुन्दर, चन्द्रमूर्त्ति, मेघसुन्दर साधु एव धर्मप्रभा, देवप्रभा साध्वियो को दीक्षित किया।

स० १३४१ मे जावालिपुर पधार कर मिती वैशाख सुदि ३ को अपने पाट पर श्रीजिनचन्द्रसूरि को अभिषिक्त किया और उसी दिन राजशेखर गणि को वाचनाचार्य पद दिया। वैशाख सुदि ८ को सकल सघ को एकत्र कर मिथ्यादुकृत दिया और वैशाख सुदि ११ को स्वर्ग सिधारे ।

जिनचन्द्रसूरि (कलिकाल केवली)

ये समियाणा (गढसिवाणा) के मत्री देवराज की धर्मपत्नी कोमलदेवी के पुत्र थे। इनका जन्म नाम खभराय था। इनका जन्म स० १३२४ मार्गशीर्ष सुदि ४ को हुआ था। स० १३३२ ज्येष्ठ सुदि ३ को जिन प्रबोधसूरि से दीक्षित हुए, क्षेमकीर्त्ति नाम प्रसिद्ध हुआ। जेसलमेर नरेश कर्णदेव, जैत्रसिंह और सिवाणा के समरसिंह व शीतलदेव आपके भक्त थे। सम्राट कुतुवुद्दीन को अपने सद्गुणो से चमत्कृत किया था।

स० १३४२ वैशाख सुदि १० को जावालिपुर मे प्रीतिचद्र, सुखकीर्त्ति, जयमदिर साधु और रत्नमजरी, शीलमजरी साध्वियो को दीक्षित किया। वाचनाचार्य विवेकसमुद्र गणि को उपाध्याय पद, सर्वराज गणि को वाचनाचाय पद, वुद्धिसमृद्धि गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद से अलकृत किया। मिती जेठ वदि ११ को वा० देवमूर्त्ति को अभिषेक (उपाध्याय) पदाधिष्ठित किया।

स० १३४४ मार्गशीर्ष शुक्ल १० को जालोर मे प० स्थिरकीर्त्ति गणि को आचार्य पद देकर उनका नाम दिवाकराचार्य प्रसिद्ध किया।

स० १३४५ मिती आषाढ सुदि ३ को मतिचन्द्र, धर्मकीर्त्ति आदि को दीक्षा दी । मिती वैशाख वदि १ को पुण्यतिलक, भुवनतिलक मुनि तथा चारित्रलक्ष्मी साध्वी को दीक्षित किया। राजदर्शन गणि को वाचनाचार्य पद से विभूषित किया।

स० १३४६ माह वदि १ के दिन स्वर्णगिरि पर देववल्लभ, चारित्र तिलक, कुशलकीर्त्ति साधुओ व रत्नश्री साध्वी को दीक्षा दी ।

स० १३४६ ज्येष्ठ वदि ७ को पालनपुर मे नरचद्र, राजचद्र, मुनिचद, पुण्यचद्र साधु एव मुक्तिलक्ष्मी, युक्तिलक्ष्मी साध्वियो को दीक्षित किया ।

स० १३४७ मार्गशिर सुदि ६ को पालनपुर मे सुमतिकीर्ति को दीक्षा तथा नरचद्र आदि साधु-साध्वियो की बडी दीक्षा एव मालारोपणादि सम्पन्न हुए ।

स० १३४७ मिति चैत्र बदि ६ को अमररत्न, पद्मरत्न, विजयरत्न साधु और मुक्तिचन्द्रिका साध्वी को दीक्षा दी ।

स० १३४८ मिती वैशाख सुदि ३ को पालनपुर मे वीरशेखर साधु और अमृत श्री साध्वी को दीक्षा दी । त्रिदशकीर्ति गणि को वाचनाचार्य पद दिया । उसी वर्ष सुधाकलश, मुनिवल्लभ आदि साधुओ सहित पूज्यश्री ने गणियोग तप किया ।

स० १३४९ मिती भादवा वदि ८ के दिन सह-धर्मियो को सदाव्रत देने वाले सघपति अभयचन्द्र सेठ का अन्त समय जानकर उनको सस्तारक दीक्षा दी गई । उनका नाम अभयशेखर रखा गया । वहा पर मार्गशिर वदि २ को यश कीर्त्ति को दीक्षा दी गई ।

स० १३५० मिती वैशाख सुदि ९ को करहेटक, आबू तीर्थो की यात्रा कर, जन्म सफल करके वरडियानगर के मुख्य श्रावक नोलखा वंश भूषण शा० झाझण को स्वपक्ष-परपक्ष सभी को आश्चर्यकारी सस्तारक दीक्षा दी गई तथा नरतिलक राजर्षि नाम दिया गया ।

स०१३५१ मिती माघ वदि ५ को विश्वकीर्ति साधु व हेमलक्ष्मी साध्वी को दीक्षा दी । यह दीक्षाएं पालनपुर मे मंत्री तिहुण के प्रतिष्ठा महोत्सव के विस्तृत आयोजन मे हुई ।

सं० १३५३ का चातुर्मास वीजापुर मे कर मार्गसिर वदि ५ के दिन श्री वासुपूज्य जिनालय मे मुनिसिह, तपसिह तथा जयसिह साधुओ को दीक्षा दी ।

सं० १३५४ मिती जेठ वदि १० को जावालिपुर मे साह सलखण जी

के पुत्र सेठ सीहा कारित महोत्सव पूर्वक वीरचन्द्र, उदयचन्द्र, अमृतचन्द्र, साधु व जयसुन्दरी साध्वी की दीक्षा हुई।

स० १३५७ मार्गसिर सुदि ६ के दिन जेसलमेर मे सेठ लखम और भडारी गज के जयहस और पद्महस नाम के दो पुत्रो का दीक्षा महोत्सव समारोह पूर्वक हुआ।

स० १३६१ वैशाख वदि १० के दिन जावालिपुर प्रतिष्ठा महोत्सव मे सवा लाख मनुष्यो की उपस्थिति मे प० लक्ष्मीनिवास गणि व प० हेमभूषण गणि को वाचनाचार्य पद से अलकृत किया।

स० १३६४ वैशाख वदि १४ को जावालिपुर मे राजगृहादि अनेक तर्थों की यात्रा कर पुण्य सचय करने वाले वाचनाचार्य राजशेखर गणि को आचार्य पद से सम्मानित किया गया।

स० १३६७ मे भीमपल्ली पधारकर फागुन सुदि १ को ३ क्षुल्लक और दो क्षुल्लिकाओ को दीक्षा दी। उनके नाम रखे १ परमकीर्त्ति, २ वरकीर्त्ति, ३ रामकीर्त्ति, व पद्मश्री, व्रतश्री। प० सोमसुन्दर गणि को वाचनाचार्य पद दिया।

सं० १३६८ मे भीमपल्ली मे प्रतापकीर्ति आदि क्षुल्लको को बडी दीक्षा तथा तरुणकीर्त्ति, तेजकीर्त्ति, व्रतधर्मा तथा दृढधर्मा—क्षुल्लक, क्षुल्लिकाओ को महोत्सव पूर्वक दीक्षा दी। उसी दिन ठाकुर हांसिल के पुत्ररत्न देहड के छोटे भाई स्थिरदेव की पुत्री रत्नमजरी गणिनी को पूज्य श्री ने महत्तरा पद प्रदान कर जयर्द्धि महत्तरा नाम रखा तथा प्रियदर्शना गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया।

स० १३६९ मार्गशिर वदि ६ के दिन पाटण नगर मे चन्दनमूर्ति, भुवनमूर्त्ति, सारमूर्त्ति और हरिमूर्त्ति—चार छोटे साधु बनाये तथा केवलप्रभा गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया।

स० १३७० मिती माघ शु० ११ को पाटण मे मुनि (लब्धिनिधान), ज्ञाननिधान को एव यशोनिधि, महानिधि दो साध्वियो को दीक्षा दी।

स० १३७१ फा० सुदि ११ को भीमपल्ली मे त्रिभुवनकीर्ति मुनि तथा प्रियधर्मा, यशोलक्ष्मी, धर्मलक्ष्मी साध्वियो को दीक्षित किया।

स० १३७१ ज्येष्ठ वदि १० को जाबालिपुर मे देवेन्द्रदत्त, पुण्यदत्त, ज्ञानदत्त, चारुदत्त मुनि व पुण्यलक्ष्मी, कमललक्ष्मी, ज्ञानलक्ष्मी तथा मति-लक्ष्मी को दीक्षा दी।

सं० १३७३ मे पाटण से उपाध्याय विवेकसमुद्र के पास अध्ययनरत मुनि राजचन्द्र को पुण्यकीर्त्ति के साथ सिन्ध-देवराजपुर (देराउर) बुलाकर आचार्य पद से विभूषित कर श्री राजेन्द्रचन्द्राचार्य नाम रखा। ललितप्रभ, नरेन्द्रप्रभ, धर्मप्रभ, पुण्यप्रभ तथा अमरप्रभ नाम के साधुओ को दीक्षित किया।

स० १३७४ फागुन बदि ६ को दर्शनहित, भुवनहित मुनियो को दीक्षा दी।

स० १३७५ मिति माघ शुक्ल १२ को फलौदी पार्श्वनाथ पधार कर नागौर सघ की प्रार्थना से अनेक देश-नगर के सघ की उपस्थिति मे अनेक महोत्सव सपन्न हुए। सोमचद्र साधु एव शीलसमृद्धि, दुर्लभसमृद्धि, भुवन-समृद्धि साध्वियो को दीक्षा दी। प० जगच्चद्र गणि को उपाध्याय पद दिया। गृहस्थावस्था मे अपने भ्रातुष्पुत्र तथा शिष्यरूप मे दीक्षित होने वाले उभय प्रकार से सन्तान, अपने पट्ट योग्य महान् विद्वान प० कुशलकीर्त्ति को वाचनाचार्य पद प्रदान कर सम्मानित किया। धर्ममाला गणिनी और पण्य सुन्दरी गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद से अलकृत किया।

स० १३७६ मिती आषाढ सुदि ९ को कोसवाणा मे डेढ प्रहर रात्रि गये ६५ वर्ष की आयु मे वाचनाचार्य कुशलकीर्त्ति गणि को अपने पट्ट पर बैठाने की आज्ञा प्रसारित कर श्रीजिनचन्द्रसूरि जी स्वर्गवासी हुए।

जिनकुशलसूरि

श्री जिनकुशलसूरि जी प्रगट प्रभावी और तृतीय दादा साहब हुए हैं। इनका जन्म छाजहड मत्री जेसल (जिल्हागर) की धर्म पत्नी जयतश्री के कोख से स० १३३७ मिती मार्गसिर वदि३ के दिन गढसिवाणा मे हुआ था। कलि-काल केवली श्री जिनचन्द्र सूरि जी आपके पितृव्य (चाचा) थे, जिनके पास स० १३४६ माघ वदि १ के दिन स्वर्णगिरि (जालोर) मे इनकी दीक्षा हुई। इनका जन्म नाम करमण था, दीक्षा नाम कुशलकीर्त्ति किया। स० १३७५

माघ शु० १२ को फलौधी पार्श्वनाथ तीर्थ मे इनको वाचनाचार्य पद से जिनचन्द्रसूरि ने अलकृत किया।

स० १३७७ जेठ वदि ११ को पाटण मे श्री राजेन्द्रचन्द्राचार्य ने तेजपाल रुद्रपाल कारित महोत्सव पूर्वक श्री जिनचन्द्रसूरि जी के पट्ट पर इनको स्थापित कर जिनकुशलसूरि नाम प्रसिद्ध किया।

स० १३७८ माघ सुदि ३ को भीमपल्ली मे आपने देवप्रभ मुनि को दीक्षा दी। वाचनाचार्य हेमभूषण गणि को उपाध्याय पद और प० मुनिचन्द्र गणि को वाचनाचार्य पद दिया।

स०१३८१ मिति आषाढ वदि ६ को शत्रुञ्जय तीर्थ पर देवभद्र, यशोभद्र को दीक्षित किया। पाटण आकर वैशाख वदि ६ को इन देवभद्र, यशोभद्र को वडी दीक्षा दी। एव सुमतिसार, उदयसार, जयसार मुनि और धर्मसुन्दरी, चारित्रसुन्दरी को दीक्षित किया। जयधर्म गणि को उपाध्याय पद दिया गया।

स०१३८२ वैशाख सुदि ५ को विनयप्रभ, मतिप्रभ, सोमप्रभ, हरिप्रभ, ललितप्रभ मुनि एव दो क्षुल्लिकाओ को दीक्षा दी।

स० १३८३ फागुण वदि ९ से १५ दिन तक उत्सवो के साथ छ दीक्षाएँ सम्पन्न हुई—न्यायकीर्त्ति, ललितकीर्ति, सोमकीर्त्ति, अमरकीर्त्ति, ज्ञानकीर्त्ति, एव देवकीर्ति।

स० १३८६ माह सुदि ५ को देवराजपुर (देरावर) मे ९ क्षुल्लक ३ क्षुल्लिकाओ को दीक्षा दी —

१ भावमूर्त्ति, २. मोहमूर्ति, ३ उदयमूर्ति, ४. विजयमूर्ति, ५ हेममूर्ति, ६ भद्रमूर्ति, ७. मेघमूर्ति, ८. पद्ममूर्ति, ९ हर्षमूर्ति क्षुल्लक एव कुलधर्मा, विनयधर्मा, शीलधर्मा क्षुल्लिकाएं। इस समय ७७ श्रावक-श्राविकाओ ने विविध व्रत धारण किए थे। इन वर्षों मे श्री जिनकुशल सूरिजी सिन्ध के अनेक स्थानो मे विचरे थे। स० १३८५ फाल्गुन सुदि ४ को पदस्थापना, क्षुल्लक-क्षुल्लिकाओ को दीक्षादि दी। कमलाकर गणि को वाचनाचार्य पद दिया।

स० १३८८ मिगसर सुदि १० को विद्वद्शिरोमणि श्री तरुणकीर्ति गणि को आचार्य पद से अलकृत किया एव श्री लब्धिनिधान गणि को उपाध्याय पद दिया। जयप्रिय और पुण्यप्रिय नामक दो क्षुल्लक व जयश्री, धर्मश्री दो क्षुल्लिकाओ को दीक्षा दी।

सं० १३८९ मिती फाल्गुन वदि ५ को तीसरे प्रहर सघ को एकत्र कर अपने पद पर पद्‌ममूर्त्ति नामक पन्द्रह वर्षीय शिष्य को अभिषिक्त करने के लिए तरुणप्रभाचार्य और महोपाध्याय लब्धिनिधान को आदेश देकर स्वर्ग सिधारे।

निजपद्‌मसूरि

ये सेठ लक्ष्मीधर के पुत्र, अवदेव सेठ की पुत्री कीकी के नदन स० १३८३ मे माघ सुदि ५ को देरावर मे दीक्षित हुए, पद्‌ममूर्त्ति दीक्षा नाम था। स० १३९० ज्येष्ठ सुदि ६ को मिथुन लग्न मे पट्टाभिषिक्त हुए थे। उस समय तरुणप्रभाचार्य, जयधर्म महोपाध्याय एव लब्धिनिधान महोपाध्याय आदि ३९ मुनि व अनेक साध्वियो की उपस्थिति थी। श्री जिन पद्‌मसूरि नाम रखा गया।

स० १३९० ज्येष्ठ सुदि १० सोमवार के दिन जिनपद्‌मसूरि ने १ जयचद्र, २ शुभचद्र, ३ हर्षचद्र मुनि और महाश्री, कनकश्री दो क्षुल्लिकाओ को दीक्षा दी। प० अमृतचद्र को वाचनाचार्य पद दिया।

स० १३९१ जेसलमेर मे लक्ष्मीमाला गणिनी को प्रवर्त्तिनी पद दिया।

स० १३९२ माघ सुदि ६ को साचोर मे मुनि नयसागर और अभय-सागर को दीक्षित किया और मार्गशीर्ष वदि ६ को पाटण मे दोनो क्षुल्लको को वडी दीक्षा दी।

युगप्रधानाचार्य गुर्वावली मे स० १३९३ तक का ही वर्णन सप्राप्त है। स० १४०० मिती वैशाख सुदि १४ को श्री जिन पद्‌मसूरि जी स्वर्गवासी हुए।

जिनलब्धिसूरि

ये जेसलमेर के थे। स० १३६० मितो मार्गशीर्ष शुक्ल १२ को अपने

ननिहाल साचोर मे जन्मे। इनके पिता नवलखा धणसिंह और माता का नाम खेताही था। इनका जन्म नाम लक्खणसीह था। स० १३७० माघ शुक्ल ११ को पाटण मे श्रीजिनचद्रसूरि जी से दीक्षित हुए। स० १३८८ मे श्रीजिन कुशलसूरि जी से उपाध्याय पद प्राप्त हुआ। सं० १४०० मिती आषाढ वदि १ को पाटण मे श्री तरुणप्रभाचार्य द्वारा श्री जिन पद्मसूरि जी के पट्ट पर आचार्य पदाधिष्ठित हुए।

इन्होने ४ उपाध्याय, ८ शिष्य साधु और दो आर्याए दीक्षित की, जिनके नाम सम्वतादि नही मिलते। स० १४०४ मिती आश्विन शुक्ल १२ को नागोर मे समाधिपूर्वक स्वर्गवासी हुए। अतिम समय मे अपने पट्ट पर यशोभद्र मुनि को स्थापित करने की शिक्षा दे गए थे।

जिनचन्द्रसूरि

आपका जन्म मारवाड के कुसुमाण गाँव मे मत्री केल्हा की धर्मपत्नी सरस्वती की कोख से हुआ था। आपका नाम पातालकुमार था। दिल्ली के सघपति रयपति के शत्रुञ्जयादि यात्री सघ के स० १३८० मे कुसुमाण आने पर पिता मत्री केल्हा भी सपरिवार सम्मिलित हो गए। युगादिदेव के समक्ष समर्पित पातालकुमार की दीक्षा मिती आषाढ बदि ६ को हुई और यशोभद्र नाम रखा गया। स० १३८१ मिती वैशाख बदि ६ को पाटण मे वडी दीक्षा हुई और अमृतचद्र गणि से विद्याध्ययन किया। श्री जिन लब्धिसूरि की आज्ञानुसार स० १४०६ माघ सुदि १० को जेसलमेर मे तरुणप्रभसूरि द्वारा गच्छनायक पद प्राप्त किया। स० १४१४ आषाढ बदि १३ को स्तभतीर्थ मे स्वर्गवासी हुए।

इनके द्वारा दीक्षा और पद प्रदान करने का इतिहास अप्राप्त है।

जिनोदयसूरि

आपका जन्म पालनपुर निवासी माल्हू गोत्रीय रुद्रपाल की धर्मपत्नी धारलदेवी की कोख से स० १३७५ मे हुआ था और जन्म नाम समर-कुमार था। स० १३८२ मे वैशाख सुदि ५ को भीमपल्ली मे बहिन कील्हू के साथ आचार्य प्रवर श्रीजिनकुशलसूरि जी के करकमलो से आपकी दीक्षा सम्पन्न हुई। सोमप्रभ नाम रखा गया। स० १४०६ मे जैसलमेर मे श्रीजिनचन्द्रसूरि जी ने इन्हे वाचनाचार्य पद प्रदान किया था। स० १४१५ ज्येष्ठ कृष्णा १३ को खभात मे अजितनाथ विधि चैत्य मे लूणिया जेसलसाह

कृत नन्दि महोत्सवपूर्वक श्री तरुणप्रभाचार्य ने आपकी पद स्थापना की थी। आपने २४ शिष्य और १४ शिष्याओ को दीक्षित किया। अनेको को संघपति पद, आचार्य, उपाध्याय, वाचनाचार्य, महत्तरा आदि पदो से अलकृत किया, जिनका नाम सवतादि इतिहास अप्राप्त है। स० १४३२ मिती भाद्रपद वदि ११ को लोकहिताचार्य जी को अन्तिम शिक्षा देकर स्वर्गवासी हुए।

विज्ञप्ति महालेख मे इनके शिष्य मेरुनदन गणि द्वारा लिखित अयोध्या मे विराजित श्री लोकहिताचार्य को प्रेषित पत्र से ज्ञानकलश मुनि, ज्ञाननदन मुनि, सागरचद्र मुनि के नाम अध्ययन रत होने के पाये जाते है। इनके अतिरिक्त तेजकीर्त्ति गणि, हर्षचद्र गणि, भद्रशील मुनि, धर्मचद्र मुनि, मुनितिलक मुनि के नाम तथा अयोध्या मे लोकहिताचार्य के पास रत्नसमुद्र मुनि, राजमेरु मुनि (जो आगे चलकर जिनराजसूरि हुए), स्वर्णमेरु मुनि पुण्यप्रधान गणि आदि विद्यमान थे।

स० १४३१ मिती मार्गशीर्ष की प्रथम छठ के दिन करहेडा तीर्थ मे जो भागवती दीक्षाएँ सम्पन्न हुई उनकी सूची इस प्रकार है :—

पूर्व नाम	दीक्षा नाम
१ चौरासी गाँवो मे अमारि घोपणा कराने से प्रसिद्ध मत्रीश्वर अरसिंह की सतान बोथरा गोत्रीय लाखा का पुत्र धीणाक मत्री	कल्याणविलास मुनि
२ काणोडा गोत्रीय राणा का पुत्र जेहड	कीर्त्तिविलास मुनि
३ छाहड वशी खेता का पुत्र भीमड श्रावक	कुशलविलास मुनि
४ भूतपूर्व देश सचिव माल्हू शाखीय डूगर सिंह की पुत्री उमा	मतिसुन्दरी साध्वी
५ व्यावहारिक वशी महीपति की पुत्री हाँसू	हर्षसुन्दरी साध्वी

देवपत्तनपुर मे निम्नलिखित दीक्षोत्सव हुआ —

१ सीहाकुल के मत्रीश्वर दाहू के पुत्र खेमसिंह	क्षेममूर्त्ति मुनि
माल्हू चापा के पुत्र पद्मसिंह	पुण्यमूर्त्ति मुनि

जिनराजसूरि (प्रथम)

इनका दीक्षा नाम राजमेरु मुनि था। स० १४३२ फाल्गुन कृष्ण ६ को श्री लोकहिताचार्य जी ने पाटण मे जिनोदयसूरिजी के पट्ट पर अभिषिक्त किया। वोथरा तेजपाल (वच्छावतो के पूर्वज) के सुपुत्र कडुआ, धरणा ने वडे समारोह पूर्वक पट्टोत्सव किया। इन्होने सुवर्णप्रभ, भुवनरत्न और सागरचद्र को आचार्य पद दिया। देउलपुर के छाजहड धीणिग के पुत्र रामणकुमार को स० १४६१ मे दीक्षित कर कीर्त्तिसागर नाम रखा, जो आगे चलकर सुप्रसिद्ध जिनभद्रसूरि हुए। श्री जिनराजसूरि जी का स० १४६१ मे देवलवाडा मे स्वर्गवास हुआ। उनके पट्ट पर श्री जिनवर्द्धनसूरि को स्थापित किया जो १४ वर्ष तक गच्छनायक रहे, वाद मे १४७५ मे दैवी प्रकोप से जिनभद्रसूरि को स्थापित किया। आबू खरतरवसही के निर्माता दरडा वशीय मडलिक के भ्राता जयसागर जी आपके शिष्य थे।

सागर चद्रसूरि के पट्टधर भावप्रभसूरि माल्हू शाखा के लूणिग कुल मे सव्वड साह की भार्या राजलदे के पुत्र थे।

जिनभद्रसूरि

ये देउलपुर निवासी छाजहड धीणिग की धर्मपत्नी खेतलदेवी की कोख से स० १४८९ चै० सुदि ६ को जन्मे। इनका जन्म नाम रामणकुमार था। स० १४६१ मे श्रीजिनराजसूरि के पास दीक्षित हुए। स० १४७५ मे इन्हे (कीर्त्तिसागर मुनि को) श्री सागरचन्द्रसूरि जी ने आचार्य पद देकर श्री जिनभद्रसूरि नाम प्रसिद्ध किया।

विज्ञप्तित्रिवेणी के अनुसार इनका चातुर्मास स० १४८४ मे अणहिलपुर पाटण मे था। उस समय इसके साथ प० पुण्यमूर्ति, मतिविशाल गणि, वा० लब्धिविशाल गणि, वा० रत्नमूर्त्ति गणि, प० मतिराज गणि, वा० मुनिराज गणि, प० सिद्धान्तरुचि गणि, प० सहजशील मुनि, प० पद्ममेरु मुनि, प० सुमतिसेन गणि, विवेकतिलक मुनि, क्रियातिलक मुनि, भानुप्रभ मुनि आदि थे। इन सबकी दीक्षा कब हुई? इसका उल्लेख नही मिलता। मलिक वाहनपुर से जयसागरोपाध्याय ने विज्ञप्तित्रिवेणी पत्र भेजा, तदनुसार उनके साथ मेघराज गणि, सत्यरुचि गणि, प० मतिशील गणि, हेमकुजर मुनि, प० समयकुंजर मुनि, कुलकेशर मुनि, अजितकेशरि मुनि, स्थिरसयम मुनि, रत्नचन्द्र

क्षुल्लक थे। सारे भारत मे खरतर गच्छ के हजारो साधु विचरण करते थे जिनका इतिवृत्त अप्राप्त है।

श्री जिनराजसूरि जी के शिष्य जयसागर जी को आपने ही उपाध्याय पद दिया था एव कीर्तिराज को भी आपने उपाध्याय पद और बाद मे आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया था। कीर्तिरत्नसूरि जी के ५१ शिष्य हुए। श्रीभावप्रभाचार्य को भी आपने ही आचार्य पद दिया था। स० १५१४ मार्गशिर वदि २ को कुभलमेर मे आपका स्वर्गवास हुआ।

जिनचन्द्रसूरि

इनका जन्म स० १४८७ मे जेसलमेर मे चम्म गोत्रीय शाह वच्छराज के यहा धर्मपत्नी वाल्हादेवी की कोख से हुआ। सं० १४९२ में दीक्षा हुई और कनकध्वज नाम रखा गया। स० १५१५ ज्येष्ठ वदि २ को कुभलमेर मे श्री कीर्तिरत्नसूरि जी ने इन्हे आचार्य पद देकर श्री जिनभद्रसूरि के पद पर स्थापित किया। इन्होंने धर्मरत्नसूरि आदि अनेक मुनियो को आचार्य, उपाध्यायादि पद दिए। स० १५३० मे जेसलमेर मे स्वर्गवासी हुए।

श्री सोमध्वज के शिष्य क्षेमराज जो छाजहड लीला, पत्नी लीला देवी के पुत्र थे, को स० १५१६ मे श्री जिनचद्रसूरि ने दीक्षा दी थी। क्षेमराजोपाध्याय के शिष्य दयातिलक वच्छा साह-वाल्हादेवी के पुत्र थे।

जिनसमुद्रसूरि

ये वाहडमेर निवासी पारख देको साह के पुत्र थे। इनकी माता का नाम देवल देवी था। स० १५०६ मे जन्म और सं० १५२१ मुजपुर मे दीक्षा सपन्न हुई। कुलवर्द्धन नाम रखा गया। सं० १५३३ माघ सुदि १३ को जेसलमेर मे श्री जिनचद्रसूरि जी ने स्वय इन्हे आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया। स० १५५५ मिगसर वदि १४ को अहमदाबाद मे स्वर्गवासी हुए। इन्होंने सागरचद्रसूरि परम्परा के देवतिलकोपाध्याय को सं० १५४१ मे दीक्षा दी थी जो भणशाली करमचद-सोहण देवी के पुत्र थे और जो स० १५३३ मे जन्मे थे। स० १५६२ मे जिनहसूरि ने इनको उपाध्याय पद दिया था और सं० १६०३ मार्ग सु० ५ को स्वर्गवासी हुए।

जिनहंससूरि

आप सेत्रावा निवासी चोपड़ा मेघराज के पुत्र और श्री जिनसमुद्रसूरि जी की वहिन कमलादेवी की कोख से उत्पन्न हुए थे। स० १५२४ मे इनका जन्म हुआ था और धनराज इनका नाम था। स० १५३५ मे विक्रमपुर मे दीक्षित हुए, दीक्षा नाम धर्मरग था। स० १५५५ अहमदाबाद मे आपकी आचार्य पद पर स्थापना हुई। जिसका उत्सव बीकानेर मे स० १५५६ जेष्ठ सुदि ६ को बोहिथरा कर्मसी मत्री ने पीरोजी लाख रुपया व्यय करके किया था। श्रीशान्तिसागराचार्य ने आपको सूरिमत्र प्रदान किया था। स० १५८२ मे पाटण नगर मे तीन दिन के अनशनपूर्वक आप स्वर्गवासी हुए। स० १५६२ मे सागरचद्र सूरि परपरा के देवतिलक को उपाध्याय पद दिया था।

श्रीजिनहससूरि जी के शिष्य सुप्रसिद्ध गीतार्थ पुण्यसागर महोपाध्याय उदयसिंह की भार्या उत्तम देवी के पुत्र थे। ये स० १६५० तक विद्यमान थे, विशेष जानने के लिए हमारी युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरि पुस्तक देखना चाहिए।

स० १५६० मे आपने सारगकुमार जो ११ वर्षीय थे, दीक्षित किया, जिन्हें आपने स्वय स० १५८२ मे पाटण मे आचार्य पद भाद्रपद बदि १३ को देकर अपने पद पर स्थापित किया था।

जिनमाणिक्यसूरि

आपका जन्म स० १५४६ मे कूकड चोपडा साह राउलदेव की धर्म पत्नी रयणादे की कोख से हुआ था। जन्म नाम सारग था। स० १५६० मे बीकानेर मे ग्यारह वर्ष की अल्पायु मे श्री जिनहससूरि जी ने इन्हे दीक्षित किया था और स० १५८२ माघ सुदि ५ को बालाहिक देवराज कृत नन्दी महोत्सव द्वारा आपका पट्टाभिषेक हुआ। स० १६०४ मे खेतसर के रीहड श्रीवत-श्रियादे के पुत्र सुलतान कुमार को दीक्षा दी, सुमतिधीर नाम रखा जो इनके पट्टधर अकबर प्रतिबोधक श्रीजिनचद्रसूरि जी के नाम से प्रसिद्ध हुए।

श्री जिनमाणिक्यसूरि जी देरावर-दादा जिनकुशलसूरि जी की यात्रा-कर लौटते हुए मार्ग मे पिपासा परिषह मे अनशन पूर्वक स्वर्गस्थ हुए। इन्होने

एक ही नदि मे ६४ साधु दीक्षित किए थे। १२ मुनियो को उपाध्याय पद से अलकृत किया था।

श्रीजिनमाणिक्यसूरिजी ने जो अनेक दीक्षाए दी उनके नामादि पूरे नही मिले। कवि कनक, विनयसोम, जयसोम, कनकसोम, अमरमाणिक्य, साधुकीर्ति, विनयसमुद्र, भुवनधीर, कल्याणधीर, क्षेमरग, सुमतिधीर आदि नाम पाये जाते हैं। इनमे अमरमाणिक्य सभवत स० १५८२ के वाद जव जिनमाणिक्यसूरि आचार्य पदारूढ हुए उसी के आसपास दीक्षित हुए हो। श्रीपुण्यसागर महोपाध्याय तो जिनहमसूरि द्वारा दीक्षित होने से सवसे वडे थे। जयसोम, कनकसोमतो सम्राट अकवर के दरवारमे गये थे। साधुकीर्ति उपाध्याय सुचती वस्तिग-खोमलदे के पुत्र थे और स० १६४६ जालोर मे स्वर्गवासी हुए थे। विनयसमुद्र के शिष्य ने जिनचद्रसूरि जी के पास दीक्षा ली थी, जिनका नाम हर्षविशाल था और जिनकी नन्दी न० १९ है। गुणरत्न (नदि न० १३) शिष्य उपाध्याय ज्ञानसमुद्र (नदि न० ३४), उनके शिष्य ज्ञानराज के शिष्य लब्धोदय थे जिनकी पद्मिनी चोपाई आदि कई रचनाए उपलब्ध हैं। भुवनधीर भी जिनमाणिक्यसूरि के शिष्य थे। कल्याणधीर भी माणिक्यसूरि के शिष्य थे जिनके शिष्य कल्याणलाभ थे (नदि न २९), कमलकीर्ति (न० ४०) और धर्मरत्न (न० १३ मे)दीक्षित हैं। श्रीजिनमाणिक्यसूरि के शिष्य क्षेमरग के शिष्य विनयप्रमोद का (न० १८) और उनके शिष्य महिमसेन (नदि न० ४२) थे। यह ज्ञातव्य है कि जिनमाणिक्यसूरि जी के सभी शिष्य जिनराजसूरि जी के शिष्य जिनरत्नसूरि और जिनरगसूरि के अलग होने पर जिनरगसूरि शाखा मे आज्ञानुवर्ती रहे थे। ऊपर वर्णित हस्तदीक्षितो के लिए नही, यह वात स्वकीय शिष्यो के लिए है।

समयरग और नयरग श्री जिनमाणिक्यसूरि द्वारा दीक्षित होने चाहिए, क्योकि 'रग' नदि जिनचद्रसूरिजी की ४४ नदियो मे नही है। स० १६१८ की नयरग कृत सतरहभेदी पूजा मिलती है और १६२१-२४-२५ की अन्यकृतिया भी सप्राप्त हैं।

युगप्रधान जिनचंद्रसूरि

ये खेतसर के रीहड गोत्रीय श्रीवत-श्रियादेवी के पुत्र थे। ये स० १५९५ चैत्र कृ० १२ को जन्मे और स० १६०४ मे श्रीजिनमाणिक्यसूरि जी से दीक्षित हुए। सुमतिधीर नाम रखा गया। स० १६१२ मे जैसलमेर के रावल मालदेव कारित नन्दी महोत्सव पूर्वक खरतर-वेगड शाखा के आचार्य श्री गुणप्रभसूरि जी द्वारा भाद्रपद शु० ९ को सूरिमत्र प्राप्त कर श्री जिनमाणिक्यसूरि जी के पद पर प्रतिष्ठित हुए। उन दिनो गच्छ मे शिथिलाचार

फैला था, जिसे सामूहिक क्रियोद्धार द्वारा दूर करने के लिये श्री जिनचन्द्र सूरि जी कृत सकल्प थे। वीकानेर के मत्रीश्वर सग्रामसिंह वच्छावत की प्रवल वीनति से वीकानेर पधार कर उनकी अश्वशाला मे ठहरे, जिसे मत्रीश्वर ने अपनी माता की स्मृति मे पौपधशाला-वडा उपाश्रय घोषित कर दिया। तीन सौ यतिजन जो शिथिलाचारी थे उनमे से १६ शिष्य वने। अवशिष्ट को यतिवेश त्याग कर, मस्तक पर पगडी वाधकर (मत्थे-रिण-महात्मा) वनने को मजवूर किया। श्री सकलचद्र गणि प्रथम शिष्य 'चद्र' नदि मे स्थापित हुए। अवशिष्ट शिष्यो के नाम अज्ञात है। इत पूर्व सवत् १६०६ मे वीकानेर मे उ० कनकतिलक, वाचक भावहर्ष, वा० शुभवर्द्धन ने क्रियोद्धार किया था, शुद्ध साध्वाचार के नियम वनाये थे। पर, यह सामूहिक शिथिलाचार परिष्कार का महत्वपूर्ण प्रयोग हुआ।

ये श्री जिनचद्रसूरि जी अकवर एव जहागीर वादशाह को प्रतिवोध देने वाले चतुर्थ दादा साहव थे। इनका जीवन चरित्र हमने ५५ वर्ष पूर्व सप्रमाण विस्तार पूर्वक लिखा था जिसका गुजराती अनुवाद गणिवर्य बुद्धिमुनि जी द्वारा तथा सस्कृत काव्य उपाध्याय लब्धिमुनि जी द्वारा रचित प्रकाशित है।

श्री जिनचद्रसूरि द्वारा गच्छ की वडी उन्नति हुई। त्याग प्रधान सयम मार्ग का प्रभाव था जिससे गच्छ मे दो हजार से ऊपर साधु हो गए। आपने विम्नोक्त ४४ नदियो मे दीक्षा दी थी —

१	चद्र	१२	निधान	२३	मन्दिर	३४	समुद्र
२	मडण	१३	रत्न	२४	कल्लोल	३५	कुजर
३	विलास	१४	विजय	२५	धरम	३६	दत्त
४	मेरु	१५	तिलक	२६	वल्लभ	३७	पति
५	विमल	१६	सिह	२७	नदन	३८	कल्याण
६	कमल	१७	हर्ष	२८	प्रधान	३९	शेखर
७	कुशल	१८	प्रमोद	२९	लाभ	४०	कीर्ति
	विनय	१९	विशाल	३०	वर्द्धन	४१	मेरु
९	हेम	२०	सुन्दर	३१	जय	४२	सेन
१०	राज	२१	नन्दि	३२	प्रभ	४३	सिंह
११	आनद	२२	सिंधुर	३३	सागर	४४	कलश

इनमे प्रथम चद्र नदि मे सकलचद्र तथा अतिम कलश नदि मे पुण्यकलश, लालकलश आदि मुनि जन दीक्षित थे।

श्री जिनचन्द्रसूरिजी का स्वर्गवास स० १६७० बिलाडा—बेनातट मे हुआ था। मिती अश्विन वदि २ "दादा दूज" नाम से गुजरात आदि मे सर्वत्र प्रसिद्ध है। विशेष जानने के लिए हमारी युगप्रधान जिनचद्रसूरि पुस्तक देखना चाहिए।

जिनसिंहसूरि

इनका जन्म खेतासर निवासी चोपडा चापसी-चापलदे के यहा मार्गशीर्ष सुदि १५ को हुआ था। इनका जन्म नाम मानसिंह प्रसिद्धि मे रहा। स० १६२३ बीकानेर मे श्री जिनचद्रसूरि जी से आपने भागवती दीक्षा स्वीकार की। नाम महिमराज रखा गया। दसवी नदि मे इन्हे तथा समयराज को दीक्षित किया था। ९ वी हेम नदि थी जिसमे श्री पद्महेम दीक्षित थे, जो ३७ वर्ष सयम पाल कर स १६६१ बालसीसर मे स्वर्गवासी हुए। कमल नदि न ६ थी जिसमे तिलककमल दीक्षित थे और नदि न० ७ कुशल नदि थी जिसमे कनकसोम के शिष्य रगकुशल और यशकुशल दीक्षित थे। इस प्रकार शोध करने से दीक्षा पर्याय का पता लग सकता है। कनकसोम के शिष्य लक्ष्मीप्रभ और कनकप्रभ की प्रभ नदि ३३ नवर मे है। साधुसुन्दरोपाध्याय शिष्य विमलकीर्ति की नदि ४० वी है जो स० १६५४ मे दीक्षित हुए थे।

श्री महिमराज जी को स० १६४० माघ सुदि ५ को जैसलमेर मे वाचक पद और सं० १६४९ फा० शु० २ को लाहोर मे आचार्य पद प्राप्त हुआ था। इनके शिष्य १ हेममदिर, २ हीरनदन, ३ राजसमुद्र, ४ पद्मकीर्ति, ५ सिद्धसेन, ६ जीवरग आदि जिनकी दीक्षा श्री जिनचन्द्रसूरि जी के कर-कमलो से हुई थी। उनका स्वर्गवास स० १६७० मे होने पर आप युगप्रधान हुए और जो दीक्षाए दी, वे जिनसिंह सूरि नाम होने से 'सिह' नदि मे दी। दीपावली के दिन १ कनकसिंह, २ मतिसिंह, ३ महिमासिंह, ४ मानसिंह को दीक्षित कर इन्हे शिवनिधान जी के शिष्य बनाये। राजसिंह विमलविनय के शिष्य थे जिनकी विद्याविलासरास स० १६७९ चपावती मे तथा आराम शोभा चौपाई स० १६८७ मे रचित उपलब्ध है।

श्री जिनसिंहसूरि स० १६७४ मे बीकानेर थे तब जहागीर बादशाह ने मुकरबखान नवाब से फरमान पत्र लिखाकर बुलाया। आप विहार कर पधारे, पर मेडता से आगे जाने पर अस्वस्थ हो जाने से वापस मेडता पधारे और पोष सुदि १३ के दिन आप स्वर्गवासी हो गए।

जिनराजसूरि (द्वितीय)

आप बोहित्थरा गोत्रीय धर्मसी-धारलदे के पुत्र थे। स० १६४७ वैशाख सुदि ७ को आपका जन्म हुआ था। अपने ७ भाइयो मे ये तीसरे खेत-

सी थे। स० १६५६ मिगसर सुदि १३ को श्री जिनसिंहसूरि जी के पास 'राजसिंह' नाम से दीक्षित हुए। वडी दीक्षा श्रीजिनचन्द्रसूरि ने दी, राजसमुद्र नाम रखा गया। श्रीजिनचन्द्रसूरि जी ने इन्हे आसाउली मे वाचनाचार्य पद दिया था। स० १६७४ मिती फाल्गुन सुदि७ को मेड़ता मे आसकरण चोपडा कारित नान्द महोत्सव से पूर्णिमापक्षीय हेमाचार्य प्रदत्त सूरिमत्र से अपने गुरु भ्राता सिद्धसेन के साथ आप भट्टारक श्री जिनराजसूरि और सिद्धसेन आचार्य श्रीजिनसागरसूरि वने। वारह वर्ष इनकी आज्ञा मे रह कर श्रीजिन-सागरसूरि से लघु आचार्य शाखा अलग हुई। आपने ६मुनियो को उपाध्याय पद, ४१ को वाचक पद एव एक साध्वी को प्रवर्तिनी पद से विभूपित किया था।

स० १६७८ मे फाल्गुन कृष्ण ७ को रगविजय जी को दीक्षित किया और उन्हे उपाध्याय पद से भी विभूपित आपने ही किया था। स० १७०० के चातुर्मास हेतु पाटण पधारे और जिनरत्नसूरि को अपने पट्ट पर स्थापित कर आपाढ सुदि ६ को स्वर्ग सिधारे। श्री जिनचद्रसूरि के अधिकाश शिष्य जिनसागरसूरि जी के आज्ञानुवर्ती रहे।

जिनरत्नसूरि

ये सेरुणा निवासी लूणिया गोत्रीय तिलोकसी-तारादेवी के पुत्र थे—रतनसी और स. १६७० मे जन्मे तेजलदे के पुत्र रूपचद। पिता का देहान्त होजाने पर १६ वर्षीय रतनसी के साथ वीकानेर मे माता ने दीक्षा ली। रूप-चद्र उस समय आठ वर्ष के थे, श्रीविमलकीर्ति गणि के पास विद्याध्ययन कर १४ वर्ष की अवस्था मे दीक्षित हुए अर्थात् स० १६८४ वै० सु० ३ को दीक्षा ली। श्री जिनराजसूरि जी ने वडी दीक्षा देकर रत्नसोम नाम प्रसिद्ध किया। वाद मे अहमदावाद मे वुलाकर उपाध्याय पद दिया। स० १७०० आपाढ सुदि ७ को अपने पट्ट पर स्थापित किया। सघआग्रह से स १७०४ से १७०७ तक जैसलमेर विराजे। फिर तीन चातुर्मास आगरा मे किये। स० १७११ श्रावण वदि ७ को अपने पट्ट पर 'हर्पलाभ' को अभिपिक्त करने की आज्ञा दे स्वर्ग सिधारे।

स० १७०७ वैशाख सुदि ३ जैसलमेर से 'लाभ नदि' मे जो दीक्षाए दी, सूची उपलब्ध है जो प्रस्तुत ग्रन्थ मे प्रकाशित की जा रही है।

जिनराजसूरि जी ने 'विजय' नदी मे रगविजय जी को स० १६७८ फाल्गुन कृ० ६ को दीक्षित किया था। उसी नदि मे मानविजय, रामविजय, राजविजय, कल्याणविजय, चारित्रविजय, आदि को भी। 'हर्ष' नदि मे शाति-हर्ष, साधुहर्ष, सहजहर्ष, मतिहर्ष, ज्ञानहर्ष, राजहर्ष, उदयहर्ष, विवेकहर्ष,

जिनहर्ष, कल्याणहर्ष, थिरहर्ष, सौभाग्यहर्ष को तथा स० १६८४ वै० शु० ३ को 'सोम' नदि मे रत्नसोम (जिनरत्नसूरि), हर्पसोम, मतिसोम, अभय-सोम आदि को दीक्षा दी थी। और भी इन नदियो मे प्रचुर दीक्षाए दी होगी, पर सूची न मिलने से नाम, समय आदि कुछ भी बतलाना अशक्य है।

जिनराजसूरि जी के बडे शिष्यो मे उपाध्याय 'रगविजय थे, पर अतिम समय पाटण मे जिनरत्नसूरि जी को पट्टधर बनाने से जिनरगसूरि शाखा अलग हो गई। श्री जिनमाणिक्यसूरि जी के शिष्य उनके आज्ञानुवर्ती हो गये।

श्री जिनरगसूरि शाखा मे उनके सहदीक्षित रामविजय थे। श्री जिन-रगसूरि आज्ञानुवर्ती उ० रामविजय जी की परम्परा के नाम यहा दिये जाते हैं जिनमे योगिराज प्रथम चिदानद जी और ज्ञानानद जी हुए हैं।

जिनराजसूरि

श्रीजिनरगसूरि जी की प्रथम दीक्षित रग नदी थी जिसमे प्रीतिरग का नाम पाया जाता है।

खरतर-गच्छ दीक्षा नन्दी सूची

[वि० सं० १७०७ से]

द्वितीय खण्ड

खरतर गच्छ दीक्षा नन्दी सूची

वि० सं० १७०७ से

।। श्री जिनकुशलसूरिजी सदा सहाय छै ।।

संवत् १७०७ वर्षे वैशाख सुदि ३ दिने श्रीजेशलमेरु मध्ये भट्टारक श्रीजिनरत्नसूरिभि 'लाभ' नन्दी कृता ।

[गृहस्थ नाम]	[दीक्षा नाम]	[गुरु नाम]
मोहण	महिमालाभ	उ० राजविजय गणे
केशव	कनकलाभ	पद्मरंग रौ

।। मगसिर सुदि १२ जेशलमेरु मध्ये ।।

डाहा	दयालाभ	आपरै
हेमराज	हर्षलाभ	आपरै
वस्तौ	विद्यालाभ	आपरइ
खेतसी	क्षमालाभ	आपरै
वीदा	विजयलाभ	आपरै
अमीचन्द	उदयलाभ	सुमतिधर्म

।। श्रीमेडता मध्ये फागुण वदि १ दिने ।।

भूपति	भक्तिलाभ	कुशलधीर रौ
ठाकुरसी	शान्तिलाभ	शान्तिहर्ष रौ
संतोषी	सुमतिलाभ	साधुहर्ष रौ
खेतसी	कुशललाभ	कुशलधीर रौ
सांवल	सुखलाभ	सुमतिरंग रौ
लद्धौ	लक्ष्मीलाभ	सहजहर्ष रौ

॥ श्रीजयतारण मध्ये फागुण सुदि ५ दिने ॥

कचरा	कर्पूरलाभ	उदयहर्ष रौ
तोडर	ज्ञानलाभ	ज्ञानमूर्ति रौ
भावसिंघ	भुवनलाभ	मतिहर्ष रौ
उदयचन्द	आणदलाभ	ज्ञानमूर्ति रौ
रायसिंघ	राजलाभ	राजहर्ष रौ
खेतौ[1]	नयनलाभ	ज्ञानहर्ष रौ

॥ आगरा मध्ये वैशाख सुदि ३ दिने ॥

जेसिंघ	यशोलाभ	गुणसेन
योधौ	जयलाभ	महिमाकुमार
कर्मचन्द	कान्तिलाभ	कल्याणविजय
बालचन्द	विनयलाभ	विनयप्रमोद

॥ संवत् १७०८ वर्षे माह सुदि १३ दिने श्री आगरा मध्ये 'विशाल' नन्दी कृता ॥

प कानो	कनकविशाल	जसवत
प भवानी	भक्तिविशाल	उदयहर्ष
प भगवान	भाग्यविशाल	ताराचन्द

॥ भट्टारक श्रीजिनचन्द्रसूरिभि प्रथम 'चन्द्र' नन्दी कृता संवत् १७११ वर्षे मितो मगसिर वदि १३ श्री अहमदाबाद नगरे ॥

प देदा	उदयचन्द्र	कमलसिंह
प माधा	मतिचन्द्र	कमलसिंह
प माना	महिमाचन्द्र	हर्षसोम
प कृष्णा	कनकचन्द्र	हीररत्न

---

१ पृथालिया ग्रामे

।। सवत् १७११ चैत्र सुदि १० श्री राजनगरे ।।

प	माना	विजयचन्द्र	
प	मेहाजल	सोमचन्द्र	तेजपाल
प	मेघराज	समयचन्द्र	समयहर्ष
प	करमसी	कल्याणचन्द्र	थोभण
प	पत्ता	पूर्णचन्द्र	थोभण
प	हरपा	हर्षचन्द्र	राजविजय
प	देवसी	दयाचन्द्र	माना री
प	देवराज	रत्नचन्द्र	समयहर्ष
प	नयणसी	नयनचन्द्र	थोभण
प	मानो	कमलचन्द्र	कनकनिधान
प	रामजी	पद्मचन्द्र	पद्मरग री
प	कुअरपाल	कुशलचन्द्र	विवेकहर्ष री
प	धरमसी	धर्मचन्द्र	समयहर्ष री
प	जट्टा	जयचन्द्र	श्री राजविजय री
प	लाला	लब्धिचन्द्र	करमसो री
प	आणद	अमरचन्द्र	लाधा री
प	गोइद	गुणचन्द्र	क्षेमहर्ष री
प	लाला	लक्ष्मीचन्द्र	रत्नजय री

।। स० १७११ चैत्र सुदि १५ दिने श्री राजनगरे ।।

प	रामचद	रामचन्द्र	नाथा री
प	देवकरण	दानचन्द्र	कमलरत्न
प	वस्ता	विनयचन्द्र	नाथा री
प	गगाराम	ज्ञानचन्द्र	कमलरत्न

[जेठ मध्ये]

प	कल्लो	सकलचन्द्र	पुण्यकलस
प	चापो	चारित्रचन्द्र	पुण्यकलस
प	ताल्हा	तिलकचन्द्र	पुण्यकलस
प	गोदा	सुगुणचन्द्र	पुण्यकलस

॥ सवत् १७१२ वर्षे श्री राजनगर मध्ये मगसिर सुदि ५ दिने।
भ. श्री जिनचन्द्रसूरिभि द्वितीया 'कुशल' नदि कृता ॥

प मनोहर	महिमाकुशल	चारित्रविजय
प ऊदा	उदयकुशल	हर्षोदय
प सुन्दर	सुमतिकुशल	सुमतिधर्म रौ
प लाला	लावण्यकुशरा	हर्षोदय
प योधा	जयकुशल	सुमतिरग
प लाला	लालकुशल	ज्ञाननिधान
प सादा	शान्तिकुशल	पुण्यहर्ष रौ
प मानसिंघ	मतिकुशल	मतिवल्लभ
प पाचा	पद्मकुशल	सुमतिशेखर रौ
प नरसिंह	नग्नकुशल	
प देवा	विद्याकुशल	गुणनिधान
प. कृष्णा	लब्धिकुशल	लालकीर्ति
प गोदा	राजकुशल	राजहर्ष
प आसा	अभयकुशल	पुण्यहर्ष

॥ संवत् १७१३ वर्षे मगसिर मासे नवानगर मध्ये। श्री जिनचन्द्रसूरिभि-
स्तृतीया 'वर्द्धन' नन्दि. कृता ॥ माह वदि ११ जणा २

प शेषौ	श्रीवर्द्धन	सहजकीर्ति रौ
प नग्गौ	नयनवर्द्धन	कनककुमार रौ
प गोदौ	ज्ञानवर्द्धन	हेमसी रौ
प खीमौ	क्षमावर्द्धन	हेमनिधान
प प्रेमौ	प्रीतिवर्द्धन	मतिसोम रौ
प सामल	विनयवर्द्धन	थिरहर्ष रौ
प. हरराम	हर्षवर्द्धन	कनकोदय
प हीरौ	हीरवर्द्धन	कनकनिधान
प परमाणद	पुण्यवर्द्धन	सुगुणकीर्त्ति

[माह सुदि ३ जणा १७ दीक्षा]

प गिरधर	राजवर्द्धन	राजकीर्त्ति रौ
प मानौ	महिमावर्द्धन	मतिसोम रौ
प रामचन्द्र	रगवर्द्धन	मानहर्ष रौ
प शोभौ	शान्तिवर्द्धन	राजकीर्त्ति रौ

चैत वदि ६ श्री साचोर मध्ये

प गोपाल	विजयवर्द्धन	विजयहर्ष रौ
प जग्गौ	यशोवर्द्धन	सुगुणकीर्त्ति
प धरमसो	धर्म्मवर्द्धन	विजैहर्ष रौ
प न्यानजी	नयवर्द्धन	हीरोदय रौ

॥ संवत् १७१३ वर्षे वैशाख सुदि ३ श्री सीरोही मध्ये ॥

प सागौ	सौभाग्यवर्द्धन	शान्तिहर्ष
प सुरताण	शिववर्द्धन	लक्ष्मीवल्लभ
प जोधौ	जयवद्धन	रत्नजय रौ
प चोलौ	चारित्रवर्द्धन	राजहर्ष रौ
प. ईसर	अमृतवर्द्धन	सुमतिरग
प लालौ	लाभवर्द्धन	शान्तिहर्ष
प भगवान	भाग्यवर्द्धन	रत्नजय रौ
प. रायचद्र	रत्नवर्द्धन	रत्नजय रौ
प लाधौ	लावण्यवर्द्धन	सोमहर्ष रौ
प मनोहर	माणिक्यवर्द्धन	ज्ञाननिधान
प जइतौ	सकलवर्द्धन	सुमतिरग
प सभाचद	सुखवर्द्धन	जिनहर्ष रौ
प लषमण	लक्ष्मीवर्द्धन	नयनप्रमोद रौ

॥संवत् १७१४ वर्षे मिगसर वदि २ दिने श्री साचोर मध्ये 'माणिक्य' नदि ४ कृता ॥

प माधव	मुनिमाणिक्य	नेमिहर्ष रौ
प. मानौ	मतिमाणिक्य	प्रेमहर्ष रौ

प कानजी	कीर्त्तिमाणिक्य	कल्याणहर्ष
प चतुरौ	चारित्रमाणिक्य	वा० लाभोदय
प मानसिंह	महिमामाणिक्य	मतिहर्ष रौ
प ठाकुर	थिरमाणिक्य	मानविजय
प. अमरसी	अभयमाणिक्य	हेमहर्ष रौ
प समरथ	समयमाणिक्य	सीहा नौ
प कर्मचन्द[1]	राजमाणिक्य	रूपहर्ष नौ

मिती जेठ सुदि १३ श्री पाली मध्ये—

प भगवान	भुवनमाणिक्य	प्रेमहर्ष रौ
प भगवान	भक्तिमाणिक्य	ज्ञानसुन्दर
प केसव	कल्याणमाणिक्य	कल्याणहर्ष
प. गौडीदास	गुणमाणिक्य	वा० भाग्यसमुद्र
प कुंभौ	कुशलमाणिक्य	वा० लाभोदय नौ
प कपूर	कर्पूरमाणिक्य	राजप्रमोद
प चेतन	चतुरमाणिक्य	सीहा नौ
प सावल	शान्तिमाणिक्य	थिरहर्ष नौ
प तुलछौ	कमलमाणिक्य	कनकोदय
प कानूजी	कनकमाणिक्य	पुण्यरत्न नौ

॥सवत् १७१५ वर्षे माह बदि ५ श्री बीलाड़ा मध्ये 'नन्दन' नादि ५ मी कृता ॥

प राजा	राजनन्दन	कुशलधीर नौ
प रामा	रत्ननन्दन	हेमहर्ष नौ
प सामा	समयनन्दन	सुमतिरग नौ
प देवीदास	दयानन्दन	कमलनिधान
प करमचन्द	कमलनन्दन	इलानिधान
प जयराम	जयनन्दन	कुशलधीर नौ

---

१ सुदि ४ बुधे बीलाडा मध्ये

प राजा	रगनन्दन	सौभाग्यहर्ष
प सोमचन्द[1]	सोमनन्दन	उदयहर्ष
प सामाचन्द[2]	शिवनन्दन	गुणसेन
प नरसिंघ	ज्ञाननन्दन	ज्ञाननिधान
प आसा[3]	अमरनन्दन	राजसुन्दर
प पद्मसी	पद्मनन्दन	कुशलधीर नौ

॥सवत् १७१८ वर्षे माह वदि ७ श्री बीकानेर मध्ये
'सागर' नदी ६ प्रारब्धा॥

प लषमीचन्द	लक्ष्मीसागर	सूरदास
प कर्म्मचन्द	कल्याणसागर	महिमामेरु
प माधव[4]	महिमासागर	राजसार नौ
प, रासा[5]	राजसागर	भुवनसोम
प देदा	दयासागर	मानविजय
प गरीवा	गुणसागर	सुमतिसिन्धुर
प देवीदास	मतिसागर	मतिसोम
प कान्हा	कमलसागर	भुवनकुमार
प किसना	भावसागर	भावप्रमोद
प कुयरपाल	कीर्त्तिसागर	आपरै
प कान्हा	कनकसागर	कनककुमार
प केसा	कुशलसागर	लावण्यरत्न
प चौथ	चारित्रसागर	मानविजय
प देवराज[6]	दानसागर	लब्धिनिधान
प दामोदर[7]	महिमासागर	महिमाचद

---

१ माघ सुदि ५ बीलाडा मध्ये
२. फा. व ११ झूठा मध्ये
३. वै सु २ गुढा मध्ये
४. फा ब ६ दिने देसणोक मध्ये
५ वै ब ९ जालोर मध्ये
६-७ जे सु १ दि जालोर मध्ये

प डूंगर[1]	उदयसागर	आपरै
प नरहरदास[2]	ज्ञानसागर	क्षमालाभ

॥ स० १७१६ वर्षे जेठ वदि १ दिने सूरेत मध्ये ॥

प धरमसी	धर्म्मसागर	कुशलधीर
प रतनसी	रत्नसागर	कुशलधीर
प थोभण	धीरसागर	कुशलधीर

॥ स० १७२० वर्षे मगसिर वदि ११ दिने । श्री अहम्मदपुर मध्ये ७ मी (प्रधान) ॥

प थानसिंह	मुनिप्रधान	महिमाकल्लोल

॥ स० १७२१ वर्षे चै । व । ३ श्री खभाइत मध्ये 'समुद्र' नन्दी कृता ८ मो ॥

प करमसी	कीर्तिसमुद्र	युक्तिरग
प राघवजी	रत्नसमुद्र	समयहर्ष

॥ वै० व० १० दिने श्री गौड़ी ग्राम मध्ये ॥

प परमाणद	पुण्यसमुद्र	कनकोदय
प रामजी	रगसमुद्र	अभयसोम
प रोहितास	अभयसमुद्र	अभयसोम
प भूपति	भीमसमुद्र	रत्नजय
प भीमजी	भुवनसमुद्र	हीरोदय
प तुलछी	तिलकसमुद्र	अभय (सोम)

श्री हणाद्रा मध्ये ।

॥ स० १७२१ वर्षे जे० सु० ८ दिने पाली मध्ये ॥

प रामचन्द्र	लाभसमुद्र	रत्नजय
प सुरताण	शान्तिसमुद्र	रत्नजय

१-२ स १७१९ पो व १३ दिने सूरत मध्ये

बीलाड़ा मध्ये आषाढ बदि १

प लाला	लक्ष्मीसमुद्र	सोमहर्ष
प रूपा	सहजसमुद्र	सहजहर्ष
प लड्डुजी	लावण्यसमुद्र	आपरै
प खीमा	क्षमासमुद्र	आपरै
प हीरजी	हर्षसमुद्र	लक्ष्मीवल्लभ
प केसा[1]	कनकसमुद्र	सहजहर्ष
प जीवण	जयसमुद्र	सुमतिसिंधुर
प लक्ष्मण	ललितसमुद्र	हीररत्न

॥ सवत् १७२२ वर्षे पोष सुदि ४ श्रीमालपुरा मध्ये 'विमल' नन्दी ९ कृता ॥

प रूपा	रत्नविमल	चारित्र (विजय)
प नारायण	नयनविमल	ज्ञानमूर्त्ति
प रामा	रगविमल	हेमप्रमोद
प रायचद	राजविमल	ज्ञानमूर्त्ति
प भल्ला	भक्तिविमल	कल्याणहर्ष
प वीरा	विद्याविमल	ज्ञाननिधान
प हरिचद	हर्षविमल	विनयराज
प सभाचद	सौभाग्यविमल	सुमतिधर्म
प भागचद	विनयविमल	विनयराज
प गगाराम	ज्ञानविमल	ज्ञानमूर्त्ति
प गोवर्द्धन	गुणविमल	गुणनिधान
प भवानी	भाग्यविमल	राजप्रमोद
प मानसिंघ	महिमाविमल	चारित्रविजय
प सूजा	सुमतिविमल	विनयप्रमोद पौत्र
प खीमा	क्षमाविमल	योधा रै पो। सु। ११
प लखमा	लक्ष्मीविमल	राजहर्ष

---

१ लोटोदरी मध्ये आषाढ बदी ४

प रतनसी	रिद्धिविमल	सुमतिधर्म
प जयचद	जयविमल	विनयराज

[।। स० १७२२ माह् वदि २ शुक्र श्रीमालपुरा मध्ये ।।]

प धनजी	धर्मविमल	पद्मरत्न रौ
प राघव	यशोविमल	सुगुणकीर्त्ति
प दामोदर	दानविमल	कमलरत्न
प खेतसी	क्षमाविमल	उदयहर्ष
प केसव	कनकविमल	सुगुणकीर्त्ति
प तारा[1]	तिलकविमल	प्रेमहर्ष

।। स० १७२३ वर्षे जे । सु । १३ आगरामध्ये ।।

प मोहण	मतिविमल	उदयहर्ष रै
प वधावा	वृद्धिविमल	सुमतिविजय

।। सं० १७२३ वर्षे माह् वदि २ दिने ।। श्री आगरा मध्ये ।
'सेन' नन्दी १० कृता [भ० श्री जिनचन्द्रसूरिभि]

प हरजी	लक्ष्मी	लक्ष्मीसमुद्र
प केसा	कीर्त्तिसेन	हर्षोदय
प मूला[2]	महिमासेन	पद्मरग
प. धनजी	धर्म्मसेन	सोमहर्ष
प देवजी	दयासेन	विद्यालाभ
प मयाचन्द[3]	मतिसेन	समयमूर्त्ति रै

१　श्रीदन्तवास मध्ये जेठ वदि ४ दिने

२　सीकर फतेपुर मध्ये

३　चाटसू मध्ये

।। स० १७२४ वर्षे फागुण वदि २ दिने श्रीमालपुरा मध्ये 'सौभाग्य' नन्दी ११ मो कृता ।।

प जयता	जितसौभाग्य	मा०
प देवकरण[1]	देवसौभाग्य	भावनिधान
प पदमसी	पुण्यसौभाग्य	भावनिधान
प केमा	कीर्त्तिसौभाग्य	प खीमा रै
प गोपाल	ज्ञानसौभाग्य	कनककुमार
प कर्मचद	कमलसौभाग्य	कनककुमार

[।। सवत् १७२५ वर्षे प्रथम आषाढ वदि ५ श्रीरिणी मध्ये ।।]

प मुकुद	मुनिसौभाग्य	साधुनिधान
प अमरा	उदयसौभाग्य	जयरग
प जेठा	जयसौभाग्य	समयहर्ष
प माना	मतिसौभाग्य	जयरग रै
प मेतसी	क्षेमसौभाग्य	विजयहर्ष

।। सवत् १७२६ वर्षे वैशाख वदि ११ दिने 'तिलक' नन्दी १२ कृता । चिरकाना मध्ये ।।

प आणद	अभयतिलक	पीथा रै
प नाथा	ज्ञानतिलक	विजयहर्ष
प ऊदा	उदयतिलक	आपरै
प. गोपाल	गुणतिलक	महिमाकुमार
प पोमा[2]	पुण्यतिलक	ऊदा रै
प देवा	दयातिलक	रत्नजय रै
प वच्छराज	विनयतिलक	सुमतिनिधान
प रामा	राजतिलक	तुलछी रै
प जैराज	जयतिलक	स १७२७ वै

१ वै सु ७ सागानेर मे ।

२ महाजन मध्ये जेठ वदि १

प गगाराम	कीर्त्तितिलक	सुमतिसिन्धुर
प जगो	जयतिलक	पदमसी रै
प परमाणद	पद्मतिलक	कल्याणहर्ष
प पदमसी	प्रेमतिलक	पद्मनिधान

सवत् १७२८ वर्षे पोष वदि ७ दिने 'आनन्द' नन्दी १३ कृता बीकानेर मध्ये

प सामल	सदानन्द	साधुहर्ष
प सुखा	सुखानन्द	सुगुणकीर्त्ति
प गौडीदास	गजानन्द	सुमतिरग
प नेता[1]	नयनानन्द	कमलरत्न रै
प सुन्दर	महिमानन्द	समयमूर्त्ति
प जसवन्त	युक्तानन्द	सुमतिरग

सवत् १७२९ वर्षे वैशाख सुदि ५ नागौर मध्ये 'सिह' नन्दी १४ कृता ।।

प डावर	दयासिह	शान्तिहर्ष रै
प रायचन्द	लक्ष्मीसिह	लक्ष्मीवर्द्धन
प रायमल्ल	रत्नसिह	वा० रत्नसिह
प बीदा[2]	विजयसिह	ज्ञाननिधान

स० १७३३ वर्षे ज्येष्ठ वदि ७ श्री पाटण मध्ये १५ 'रुचि' नन्दी कृता

प वेणी	विनयरुचि	वा० सहजहर्ष
प तिलोकसी	तिलकरुचि	श्रीजिताम्
प अमीचन्द[3]	अभयरुचि	वा० कल्याणनिधानरै
प हेमसी	हेमरुचि	श्रीजिताम्
प गणेश[4]	ज्ञानरुचि	वा० सुमतिनिधान

---

१ स १७२८ वै व ३ बीकानेर मध्ये ।

२ बीलाडा मध्ये माह सुदि ४

३ वैशाख वदि ४ दिने

४ मा० सु० १०

स० १७३६ वर्षे मिती पोह सुदि १३ दिने श्री पाटण मध्ये "शेखर" नन्दी १६ कृता

प रामचन्द[1]	रत्नशेखर	वा० पुण्यरत्न रै
प कपूरचन्द	भावशेखर	श्री भावप्रमोद
प अमरसी	अमरशेखर	वा० कल्याणहर्ष
प रिषभा[2]	रिद्धिशेखर	श्रीजी रै
प चौथ	विजयशेखर	विजयलाभ रै
प ताराचन्द	त्रिभुवनशेखर	श्रीजी रै
प भागचन्द[3]	भाग्यशेखर	वा० कनकनिधान रै

स० १७४० वर्षे आषाढ वदि २ शुक्रे श्री अजार मध्ये १७वीं 'शील' नन्दी कृता।

प सतीदास	सत्यशील	समयहर्ष रै
प जैतसी[4]	जयशील	उ० क्षमालाभ रै
प राघव	रत्नशील	प सुगुणचन्द्र नौ
ऋषि खीमो[5]	क्षमाशील	वा० सुमतिनिधान
प वीरचन्द	लब्धिशील	आपरइ
प जसा	जश शील	उ० क्षमालाभ
प सूजा[6]	सुमतिशील	प० चारित्रचन्द्र
प धरमसी	धर्मशील	प० सुभलाभ रै

।। सवत् १७४१ पोष सुदि ७ गुरौ श्री साचोर मध्ये 'सुन्दर' नन्दी १८ कृता ।।

प राजसी	रत्नसुन्दर	सहजहर्षस्य

---

१ स० १७३७ रा मि सु ९ शनौ पाटण मध्ये

२ स० १७३७ रा जे। सु० १३ दिने भुज्ज मध्ये।

३ स० १७३७ रा फा० सु० १ दिने अजार मध्ये।

४ स० १७४० रा मा। सु ११ शुक्रे पाटण मध्ये।

५ फा० सु० ९

६ फा० व० १३ रवौ।

प लषमीचन्द	लक्ष्मीसुन्दर	वा० लावण्यरत्न
प साजण	सौभाग्यसुन्दर	आपरइ
प कुशला	कुशलसुन्दर	प भक्तिविमल
प हरजी	हर्षसुन्दर	वा० पद्मरग रै
प सद्दा	सुखसुन्दर	वा० पद्मरग रै
प धन्नौ	धर्म्मसुन्दर	वा० पद्मतिलक
प डाहा	देवसुन्दर	वा० कनककुमार
प जीवण[1]	जयसुन्दर	वा० विजय रै
प सादूल	सुमतिसुन्दर	उ० विनय
प देवा	दानसुन्दर	उ० विनय
प कानजी	कीर्त्तिसुन्दर	वा० विजय
प जैता	जिनसुन्दर	प० पुण्यवल्लभ
प तेजसी	तेजसुन्दर	वा० मतिहर्षस्य
प विजयचन्द	विजयसुन्दर	वा० मतिहर्ष
प भागचन्द	राजसुन्दर	प राजलाभ रै
प हर्षचन्द्र	हेमसुन्दर	वा० मतिहर्ष
प टीला	त्रैलोक्यसुन्दर	प क्षेमविमल
प सामल	सत्यसुन्दर	वा० कनकोदय
प मोहण	माणिक्यसुन्दर	प० हीरोदय
प मेघा[2]	मतिसुन्दर	वा० प्रेमहर्षनौ
प खीमा[3]	क्षमासुन्दर	प० कल्याण नौ
प केशव	कमलसुन्दर	प० कनकमाणिक्य
प आसौ	अमरसुन्दर	वा० मानविजय
प नाथौ	नयसुन्दर	वा० कान्हजी
प हीरा	हितसुन्दर	वा० पाचा कान्हजी
प गोवर्द्धन	गुणसुन्दर	महो० भुवनसोमानाम्
प नाथा[4]	नेमिसुन्दर	आपरइ

१ स० १७४१ फा० व० रवौ ७ श्री आम्विला मध्ये ।

२ वै० व० ५ सोमे सिणधरी मध्ये दीक्षा ।

३ वै० सु० ९ श्री वाहडमेरु मध्ये ।

४ पो० सु० १० सोम श्री साचौर मध्ये ।

प भल्ला	भक्तिसुन्दर	वा० रूपहर्ष रै
प नाथा	ज्ञानसुन्दर	वा० चारित्रविजय
प खेता	क्षेमसुन्दर	वा० चारित्रविजय
प आणन्द	अभयसुन्दर	प० भक्तिविमल
प लद्धा[1]	लब्धिसुन्दर	वा० कनककुमार
प दत्ता	दयासुन्दर	वा० कनककुमार
प लषमण	लाभसुन्दर	वा० विजय
प रामचन्द	रूपसुन्दर	प० पीथा री
प रामचन्द	रंगसुन्दर	उ० विनय प्र०
प मेघा	महिमासुन्दर	वा० विजय
प खेतसी[2]	दयासुन्दर	प० दयावल्लभस्य
प तिलोकसी	तिलकसुन्दर	वा० राजहर्ष कैरीया
प महिमचन्द	महिमसुन्दर	वा० मतिहर्ष
प फतैचन्द	पुण्यसुन्दर	प० मतिविमल रै
प दीपचन्द	दीपसुन्दर	वा० मतिहर्ष रै
प सुक्खा[3]	सुगुणसुन्दर	वा० कनकोदय
प दीपो[4]	कुशलसुन्दर	वा० कुशललाभ रै
प हेमा	हीरसुन्दर	वा० कुशललाभ
प टीलो[5]	तत्त्वसुन्दर	प० उदयसौभाग्य नौ
प राजसी	ऋद्धिसुन्दर	वा० हेमहर्ष
प जैता	युक्तिसुन्दर	प० यशोलाभ
प धन्नो	धनसुन्दर	प० अमरनन्दन गणे.
प देवसी	दर्शनसुन्दर	प० समयनन्दन रै

---

१. मा० सु० ५ साचोर

२. फा० व० ११

३ चै० सु० ५ राडधरा मध्ये ।

४ चै० सु० ७ सिणधरी मध्ये ।

५ वै० सु० ७ सिणधरी मध्ये ।

।। स० १७४२ माह सुदि ११ सोमे श्री बाहडमेरु मध्ये 'प्रिय' १९वीं नन्दी कृता ।।

प विजयराम	विद्याप्रिय	वा० दयासेन
प विहारी	विनयप्रिय	उ० लक्ष्मीवल्लभ
प जइतो	जयप्रिय	प० सकलहर्ष रै
प करमचन्द	कनकप्रिय	प० सोमहर्ष रै
प कपूर	कर्पूरप्रिय	प० सोमहर्ष रै
प मयाचन्द	मतिप्रिय	वा० अभयसोम
प हीरा	हेमप्रिय	प० सलकहर्ष रो
प जोगा	येगप्रिय	महो० भुवनसोम रै
प सहसा	सुमतिप्रिय	वा० अभयसौभाग्य
प मानौ	महिमाप्रिय	प० महिमाकल्लोल
प तिलोको	तिलकप्रिय	उ० लक्ष्मीवल्लभ
प दयाराम	दयाप्रिय	उ० लक्ष्मीवल्लभ
प रूपा	रूपप्रिय	उ० भावप्रमोद
प केसर	कीर्त्तिप्रिय	प० धर्मसी रो
प रूपा	रगप्रिय	प० हीरोदय रो

।। स० १७४२ वर्षे चैत्र सुदि १५ दिने श्री कोटडा मध्ये 'हंस' २० नन्दी कृता ।।

प देवा	देवहस	वा० हेमनिधान रौ
प जीवण	जयहस	उ० रूपहर्ष रो
प जगसी	जिनहस	वा० सुखलाभ रै
प रूपौ	रूपहस	वा० कनकनिधान
प कल्लो	कल्याणहस	प० उदयतिलक,
प वीरजी	विद्याहस	वा० रत्नजय रो
प चतुरा	चारित्रहस	उ० रूपहर्ष रो
प राजसी	राजहस	वा० सुखलाभ रे
प जीदउ	मुक्तिहस	प० क्षमासमुद्र रो

॥ सं० १७४३ वैशाख सुदि ५ बुधे श्री जेसलमेर मध्ये 'कल्याण' २१ नन्दी कृता ॥

प हीरो	हर्षकल्याण	वा० हेमनिधान रो
प माणिकचन्द[1]	मुनिकल्याण	प० पद्मचन्द रो
प धारसी	धर्मकल्याण	वा० कनककुमार
प मेघा[2]	महिमाकल्याण	वा० यशोरंग रै
प जैतसी	जयकल्याण	प० पदमचंद रो

॥ सं० १७४४ वैशाख सुदि १० सोमे । श्री जेसलमेरु मध्ये 'धर्म्म' (२२) नदि कृता ॥

प आणद	अभयधर्म्म	प० महिमासार
प रूपो	मतिधर्म	वा० नेमहर्ष रो
प श्रीमल्ल	समयधर्म	वा० मतिरत्न रो
प धन्नो[3]	दयाधर्म	वा० कमलरत्न रो
प केसव	कीर्त्तिधर्म	प० उदयतिलक
प राजो	राजधर्म	वा० मतिरत्न रो
प रामो	रंगधर्म	वा० धर्मविमल रो
प देवचद	देवधर्म	प० श्रीजीरइ
प प्रेमजी	प्रीतिधर्म	प० उदयतिलकस्य

॥ सं० १७४६ माह सुदि ११ शनौ श्री बीकानेर मध्ये 'धीर' (२३) नदि कृता ॥

प दल्लो	दयाधीर	उ० सुमतिसिन्धुर
प धरमसी	धर्मधीर	प० राजकुशल
प लखमी	लक्ष्मीधीर	श्रीजी रौ
प सुखो	सौरभधीर	वा० शान्तिहर्ष
प मोहण	महिमाधीर	वा० रत्नजय रै

---

1 सं० १७५४ रा फा सु २ बुधे

2 सं० १७४ मा। व० ५ गुरौ जेसलमेरौ

3 सु० ११ दिने

प ऊदौ	उदयधीर	उ० सुमतिसिन्धुर
प अमृत	आनन्दधीर	वा० ज्ञाननिधान
प कान्हौ	कीर्त्तिधीर	प० दयावल्लभ
प जैतसी	जिनधीर	प० प्रेमतिलक रो
प आसौ	अभयधीर	उ० सुमतिसिन्धुर
प करमचद	कान्तिधीर	वा० थिरहर्ष
प जयचद	युक्तिधीर	महिमामाणिक्य
प राजौ	रत्नधीर	वा० थिरहर्ष
प दीपौ	दीपधीर	वा० रत्नजय
प मानसिंघ	कमलधीर	प० जीवरत्न
प तेजसी	तिलकधीर	श्रीजी रो
प मानौ	मतिधीर	प० भाग्यवर्द्धन
प कपूर	कर्पूरधीर	वा० रत्नजय रो
प कानजी	कनकधीर	प० राजकुशल रै
प जैतौ	जयधीर	प० जयनदन रौ
प धरमसी	ध्यानधीर	उ० सुमतिसिन्धुर
प मनोहर	माणिक्यधीर	प० साधुनिवान
प क्षेतो	क्षमाधीर	प० राजलाभ रे
प डावर	कलशधीर	वा० कुशललाभ
प हरचद	हीरधीर	महिमामाणिक्य
प लद्धौ	लब्धिधीर	वा० मानविजयजी
प देवौ	देवधीर	वा० ज्ञाननिधान
प हेमो	हेमधीर	प० गुणविमल रो
प हरौ	रगधीर	प० रगवर्द्धन रो
प खेतौ	क्षेमधीर	प० जयविमल
प जगौ	यशोधीर	वा० सोमहर्ष
प रेखौ	ऋषिधीर	वा० हेमप्रमोद रै
प नदौ	ज्ञानधीर	प० ज्ञानचन्द्र रो
प सुरताण[1]	समयधीर	प० कनकमाणिक्य

---

१ फा सु १२ शुक्रे

प किसनौ	कलाधीर	प० अभयकुमार
प श्रीचद	सत्यधीर	प० श्यामा रो

॥ स० १७४७ रा जेठ वदि ४ शनौ ॥ श्री बीकानेर मध्ये 'दत्त' (२४) नदी कृता ॥

प मयाचद	माणिक्यदत्त	प० राजचद्र
प भगतौ	भक्तिदत्त	वा० राजप्रमोद
प प्रेमौ	पुण्यदत्त	प० कनकचद रौ
प अमीचन्द	अमरदत्त	प० रत्नसिंह रो
प खेतौ	क्षमादत्त	वा० राजप्रमोद
प देवौ	दयादत्त	प० पद्मनन्दन
प सदारग	सोमदत्त	प० आणदलाभ
प लखमौ	लक्ष्मीदत्त	प० ज्ञानलाभ
प जीवौ	जयदत्त	प० पूर्णचन्द्रस्य
प रतनौ	रूपदत्त	वा० कनकमाणिक्य
प मनोहर[1]	मुक्तिदत्त	प० क्षमाविमल रो

॥ स० १७४७ फागण बदि ७ सोमे श्री बीकानेर मध्ये '२५' राज नदी कृता ॥

प स्यामौ	सोमराज	वा० शान्तिहर्ष रै
प सुन्दर	शिवराज	प० चारित्रचन्द्र
प वीठल	विद्याराज	वा० शान्तिहर्ष
प भागचन्द्र	भुवनराज	वा० विजयलाभ
प सुक्खा[2]	शान्तिराज	वा० अभयसोम
प देवा	देवराज	प० वीदा
प आसौ	अभयराज	प० मतिसेन रो
प प्रेमौ[3]	प्रीतिराज	प० भक्तिविशाल
प चतुरौ	चरणराज	प० जयविमल

१ जे० व० ३ वीकानेर मध्ये। जेठ सुदि ९ गुरौ बीकानेर मध्ये।

२ फा० सु० ३ शनौ ३ जे० व ७ दिने

प वाघौ	विद्याराज	श्रीजी रै शिष्य प० कीर्त्तिसागर रौ
प खीमौ	क्षेमराज	प० सुगुणचन्द्र रौ
प कान्हौ	कीर्त्तिराज	वा० सकलहर्ष
प० गिरधर	ज्ञानराज	वा० तिलोकचन्द्र
प लालचन्द	लब्धिराज	प० भावसागर
प पोथा[1]	प्रेमराज	प० वीरा रै
प खीमौ	क्षमाराज	प० कनककुमार
प कर्मचन्द	कनकराज	प० परमाणद
प भागचन्द[2]	भक्तिराज	श्रीजी रो

॥ सं० १७४८ वर्षे माह सुदि ५ दिने । श्री बीकानेर मध्ये (२६) 'विनय' नन्दो कृता ॥

प रामौ	रत्नविनय	प० अमरसी रो
प लखमौ	लक्ष्मीविनय	प० अभयमाणिक्य
प डूगर	दयाविनय	प० रत्ननन्दन रो
प चतुरौ[3]	चारित्रविनय	प० तिलकप्रमोद
प गौडीदास	ज्ञानविनय	प० रत्नवल्लभ
प रामौ	रंगविनय	प० मतिकुशल
प गोइंद	गंगविनय	प० रत्नवल्लभ
पं गोवर्द्धन	गुणविनय	वा० सुखलाभ रौ
प हरराम	हर्षविनय	प० चारित्रवर्द्धन रौ
प भागचन्द	भाग्यविनय	वा० मतिरत्न रौ
प वाघौ	विद्याविनय	वा० नेमहर्ष रौ
प खेतौ[4]	खेमविनय	प० विद्याकुशल
प कुशलौ	कुशलविनय	प० रत्नवल्लभ
प ऊदौ	उदयविनय	प० रत्नवल्लभ
प भागचन्द[5]	भक्तिविनय	वा० सुखलाल

१　वै० व० विने ६　　　　२ आषाढ सुदि १० गुरो

३　फा० ब० ४　　　　　४ फा ब १३

५　आसा ब ७ बीकानेर

॥ सं० १७४९ फागुण वदि ३ सोमे। रवणीया मध्ये (२७) 'कमल' नन्दी कृता॥

प डूगर	दयाकमल	भागचन्द
प लालो	लब्धिकमल	प० दयासागर रौ
प फतेचन्द	प्रीतिकमल	वा० लावण्यरत्न
प लालचन्द[1]	लाभकमल	श्रीजी रो
प लालो[2]	लक्ष्मीकमल	वा० विनयलाभ
प मौजो	महिमाकमल	प० कनकप्रिय वा० सोमहर्ष लालजी रौ
प हेमो	हेमकमल	प० विद्याकुशल रौ
प केसरो[3]	कीर्त्तिकमल	प० कुशलचन्द
प जसवन्त[4]	जयकमल	वा० कनकोदय
प महिमराज	पद्मकमल	वा० कनकोदय
प भूधर	भक्तिकमल	वा० कमलमाणिक्य

॥ स० १७५२ फागुण वदि ५ गुरो। बीकानेर मध्ये (२८) नदी कृता॥

प सुखौजी[5]	सुखकीर्त्ति	जिनचन्द्रसूरि
प नारायण	ज्ञानकीर्त्ति	सौभाग्यसुन्दर रै
प तुलछी	तिलककीर्त्ति	उ० धर्मवर्द्धन
प साऊ[6]	समयकीर्त्ति	वा० शान्तिहर्ष
प चतुरोजी	चारित्रकीर्त्ति	श्रीजी रै
प भारमल	भावकीर्त्ति	उ० धर्मवर्द्धन
प सुन्दर	सत्यकीर्त्ति	वा० शान्तिहर्ष

॥ १७५३ वर्षे। माह वदि ११ दिने। श्री बीकानेर मध्ये 'मूर्त्ति' (२९) नन्दी कृता॥

प मोहण	मोहनमूर्त्ति	वा० कनकविलास

---

१ फा व कालू मध्ये — २ म १७५१ वै. व ७ नवहर मध्ये
३. फा. व १ आहडसर — ४. फा. व १३ कालू मध्ये
५ भट्टारक थया — ६ फा सु २ बीकानेर म

प लालौ	लब्धिमूर्त्ति	प० रगविमल रौ
प रतनौ	रत्नमूर्त्ति	प० विद्याविलास
प सावल	शिवमूर्त्ति	वा० कनकमाणिक्य
प नाथौ	नयमूर्त्ति	वा० रगवर्द्धन रौ
प रामौ	रगमूर्त्ति	वा० विजयहर्ष रौ
प उत्तम	अमरमूर्त्ति	प० विद्याविलास
प मनोहर	मतिमूर्त्ति	वा० कनकमाणिक्य
प जीवण	जीवमूर्त्ति	वा० सुखलाभ
प मोटौ	मुनिमूर्त्ति	प० गजानन्द रौ
प रुघौ	राजमूर्त्ति	प० राजसी रौ
प रूपौ[1]	रूपमूर्त्ति	वा० कुशललाभ रौ
प टीलौ	जयमूर्त्ति	प० जयनन्दन रौ
प केसौ	कुशलमूर्त्ति	वा० विनयलाभ
प खेतौ	क्षमामूर्त्ति	वा० कनकविलास
प आसौ[2]	अभयमूर्त्ति	प० समयचन्द्र रौ
प उत्तम	उदयमूर्त्ति	श्रीजी रै
		प० नेमसुन्दर रौ
प नरसिंघ	नेममूर्त्ति	प० रगविमल
प मेघौ	महिमामूर्त्ति	वा० कनकमाणिक्य
प देदौ	दयामूर्त्ति	प० कमलसौभाग्य
प वैणौ	विद्यामूर्त्ति	प० विद्याविलास
प नैणौ	नयनमूर्त्ति	वा० कान्हजी रौ
प मुखौ	सकलमूर्त्ति	प० कीर्त्तिसौभाग्य
प विज्जौ[3]	विजयमूर्त्ति	वा० सुखलाभ
प कान्हजी	कनकमूर्त्ति	प० गजानन्द
प मलू	माणिक्यमूर्त्ति	प० जगसी रौ
प पूरौ[4]	प्रेममूर्त्ति	वा० कनकविलास रौ
प किसनौ[5]	कल्याणमूर्त्ति	प० धर्मविमल

१ मा. सु १३ दिने २ फा सु १५ वीकानेरे
३ स १७५३ रा माहवदि १३ दिने ४ मा सु ६ दिने
५ फा व ३ दिने

प प्रेमो[1]	पुण्यमूर्त्ति	वा० विनयलाभ रौ
प गिरधर	गुणमूर्त्ति	वा० विनयलाभ
प हरकिसन[2]	हर्षमूर्त्ति	प० पद्मनन्दन
प समरथ[3]	साधुमूर्त्ति	प० तिलकविमल

॥ स० १७५४ मिगसर सुदि ३ शनौ । श्री फलवधी मध्ये 'भद्र' (३०) नन्दी कृता ॥

प हृदयराम	हर्षभद्र	प० मतिसुन्दर रौ
प ऊदो	उदयभद्र	प० रगसमुद्र रौ
प मनोहर	मुनिभद्र	उ० श्रीदेवधर्म रौ
प खेतो[4]	क्षमाभद्र	प० क्षमासुन्दर रौ
प सोभो	सदाभद्र	वा० राजकुशल रो
प नेतसी	नित्यभद्र	उ० क्षमालाभ रो
प रामचन्द्र[5]	रगभद्र	वा० जयविमल
प रतनो	रत्नभद्र	वा० जयविमल रौ
प कम्मो[6]	कीर्त्तिभद्र	वा० राजलाभ रौ
प मानो[7]	मानभद्र	वा० भावसागर
प भीमो	भक्तिभद्र	प० उदयसौभाग्य
प रूपो	रूपभद्र	प० भक्तिविशाल रौ
प लखमो	लक्ष्मीभद्र	प० विनयविमल
प जयतो	जयभद्र	प० मतिमन्दिर
प नरसिंह	नयभद्र	प० कुशलचन्द्र रौ
प दीपो	दयाभद्र	प० रगसमुद्र रौ
प सुखो	समयभद्र	वा० राजकुशल रौ
प नेतो	नेमिभद्र	प० रूपहस रौ
प नैणसी	ज्ञानभद्र	उ० क्षमालाभ रौ

---

१ फा व १० दिने २ फा सु १ गुरौ

३ आषाढ वदि ६ भोमे फलवद्धी मध्ये

४ मिगसर सुदि ११ रवौ फलवद्धी मध्ये

५ पो व १ फलवद्धी मध्ये ६. मा व १३ फलवद्धी मध्ये

७ फा व ११ गुरौ लोहीयावट मध्ये

प राजौ	राजभद्र	वा० जयविमल रौ
प प्रेमौ	प्रीतिभद्र	प० जयनन्दन रौ
प गोइद	गुणभद्र	वा० राजलाभ रौ
प नेमौ	नोतिभद्र	प० उदयसौभाग्य रौ
प सीचौ	सत्यभद्र	प० भक्तिविमल
प नाथौ	नयनभद्र	प० सोमनन्दन रौ

॥ स० १७५४ फागुण सुदि २ बुधे श्री मेवरा ग्राम मध्ये 'प्रभ' (३१) नन्दी कृता ॥

प वाघौ	विनयप्रभ	वा० कीर्त्तिविलास रौ
प लखमौ	लक्ष्मीप्रभ	वा० कीर्त्तिविलास रौ
प नाथौ	ज्ञानप्रभ	प० दयासागर रौ
प खीमो	लक्ष्मीप्रभ	प० रगसमुद्र रौ
प पूरो	पूरणप्रभ	प० शान्तिकुशल रौ
प जगनाथ[1]	जयप्रभ	प० भुवनसमुद्र रो
प लालौ	लालप्रभ	वा० अभयकुशल रौ
प भानौ	मतिप्रभ	प० राजसागर रौ
प सावल[2]	शिवप्रभ	प० नयवर्द्धन रौ
प दामौ	दयाप्रभ	वा० कीर्त्तिविलास
प जीवौ[3]	जयप्रभ	वा० महिमाकल्लोल
प जीवण	जिनप्रभ	वा० मतिमन्दिर रौ
प रूपौ[4]	रत्नप्रभ	वा० जयलाभ रौ
प अमीचन्द	अमृतप्रभ	प० शान्तिकुशल रौ
प वाल्हजी	विद्याप्रभ	प० भुवनसमुद्र रौ
प जिनदास	जीवप्रभ	प० राजसागर रौ
प वीरचन्द	विमलप्रभ	प० राजसागर
प रूपौ	राजप्रभ	प० नयवर्द्धन रौ

---

१ द्वितीय ज्येष्ठ वदि ३ बुधे । महेवा नगरे

२ द्वि जे सु ५ पाडनाळ मध्ये ३ फा सु ७ दिने मडोवर मध्ये

४ प्रथम ज्येष्ठ सुदि ६ आसोतरा मध्ये

॥ सं० १७५४ वर्षे आषाढ वदि १० गुरौ । श्री पाली मध्ये । 'सोम' नदि कृता ॥ (३२)

प क्षेतौ	क्षेमसोभ	वा० रत्नवल्लभ रौ
प राजसी	राजसोम	प० लालजी रौ
प प्रेमौ	पद्मसोम	प० लक्ष्मीसमुद्र
प प्रेमौ	प्रीतिसोम	प० ज्ञानलाभ रौ
प गोवर्द्धन	ज्ञानसोम	वा० रत्नवल्लभ
प हेमौ	हेमसोम	वा० रत्नवल्लभ रौ
प लाखणसी[1]	लक्ष्मीसोम	प० देवधर्म रो
प श्यामा	शान्तिसोम	उ० धर्मवर्द्धन
प अमीचन्द	अमृतसोम	वा० आणदलाभ
प जेसौ	यश सोम	प० लक्ष्मीसमुद्र रौ
प ईसर	उदयसोम	प० लक्ष्मीसमुद्र रो
प सामत	शिवसोम	वा० रत्नवल्लभ रो
प भगवान	भाग्यसोम	वा० रत्नवल्लभ
प पिरागौ	पुण्यसोम	प० पद्मतिलक रो
प रतनसी	राजसोम	प० तिलकधीर रो
प हरिनाथ	हससोम	उ० धर्मवर्द्धन रो

॥ स० १७५५ माघ बदि ६ दिने । श्री सादडी मध्ये 'विजय' नदी कृता ॥ (३३)

प रामौ	रूपविजय	वा० कमलमाणिक्य
प गोइद	गुणविजय	प० कुशलचन्द
प सुन्दर[2]	सत्यविजय	प० भुवनसमुद्र
प देदौ	देवविजय	प० पूर्णचन्द्र नौ
प नाथौ	ज्ञानविजय	प० ज्ञाननिधन
प श्यामजी	सोमविजय	प० मुनिकल्याण
प मनीराम	मुक्तिविजय	प० मुनिकल्याण

---

१ स० १७५५ का सु १२ पाली मध्ये

२ मा० सु० १ घाणोरा मध्ये

प गोवरधन	गजविजय	वा० विजयवर्द्धन
प चापसी	चरणविजय	प० जिनसुन्दर री
प न्यानजी[1]	नित्यविजय	प० दयातिलक
प हरदास	हसविजय	वा० चारित्रचन्द्र
प गदी	गगविजय	पं० ज्ञानराज री
प अमरी[2]	अमरविजय	उ० उदयतिलक
प मामल	शान्तिविजय	उ० उदयतिलक
प रुपी[3]	रामविजय	प० दयासिह री
प मनोहर	महिमाविजय	वा० यशोलाभ री
प वीरी	वीरविजय	जिनसौभाग्य नी
प कुशलो	कुशलविजय	प० कुशलचन्द
प हरजी	हर्षविजय	प० भुवनसमुद्र री
प चतुरो[4]	चतुरविजय	वा० जयलाभ री
प धनजो[5]	धर्मविजय	प० पद्मचन्द्र री
प रुपो	रत्नविजय	प० विजयहस नी
प राजाराम	रिद्धिविजय	प० जयकल्याण
प आसकरण	अमृतविजय	प० सुखसुन्दर री
प ऊदो	उदयविजय	वा० महिमाकुशल
प हरचन्द[6]	हेमविजय	प० सुगुणचन्द्र री
प जगो	जयविजय	वा० चारित्रचन्द्र नी
प नागजी	नयविजय	प० राजसागर नी
प कान्हजी	कीर्त्तिविजय	उ० उदयतिलक
प दीपो[7]	दीपविजय	वा० विजयलाभ री
प श्रीचन्द[8]	सिद्धिविजय	प० महिमामाणिक्य

---

१ वै० व० १ वील्हावास मध्ये   २ वै सु २ वील्हावास मध्ये

३ वै सु ११ सोझित मध्ये   ४ माह सुदि ९ देवसूरी मध्ये

५ चै सु १३ वील्हावास मध्ये दीक्षा

६ वै व ९ वील्हावास मध्ये   ७ वै सु ३ वील्हावास मध्ये

८ आसाढ वदि १२ सोझित मध्ये

।। संवत् १७५६ माह सुदि ५ सोमे । श्री सोझित मध्ये । 'रग' नदी (३४) कृता ।।

प रतनौ	रत्नरग	वा० भक्तिविशाल
प राघव	ऋद्धिरग	प० जयतिलक रौ
प वालचन्द[1]	विनयरग	प० मुनिसौभाग्य
प नगौ	नयनरग.	वा० राजलाभ
प रिषभौ	राजरग	वा० अमरनन्दन रौ
प कर्मचन्द	कल्याणरग	वा० श्रीवर्द्धन
प चतुरौ	चारित्ररग	वा० अमरनन्दन रौ
प नन्दौ	आणदरग	प० तत्त्वसुन्दर रौ
प रिषभौ[2]	रूपरग	प० लाभसमुद्र रौ
प करमचन्द	कीर्तिरग	प० धर्मसागर
प ठाकुर	थिररग	वा० जयविमल रौ
प नाथौ[3]	नित्यरग	वा० सुगुणचन्द्र रौ पौत्र राधा रौ
प वीरौ	विद्यारग	प० दयासागर नौ
प भलौ	भावरग	प० सुमतिप्रिय रौ
ऋषि सारग[4]	सहजरग	आपरै
प घासीराम	ज्ञानरग	प० कनकराज रौ
प सुन्दर	समयरग	प जयतिलक रो
प अमरौ[5]	उदयरग	प० तिलकप्रमोद
प आणद[6]	भाग्यरग	प० भाग्यनिधान रो
प नदौ	नेमरग	प० रत्नसुन्दर रा
प मयाचन्द	महिमरग	वा० अमरनन्दन रो
प कर्मचन्द	कनकरग	प० मतिसुन्दर रो
प रामचन्द[7]	कुशलरग	वा० लावण्यरत्न रो
प केसौ	कमलरग	प० लाभसमुद्र रौ

---

१ स १७५६ फा सु १ सोझित मध्ये । २ वै व ७ श्री रायपुर मध्ये
३ जे व ५ जैतारण मध्ये । ४ स १७५७ मा व ११ श्री मेडता मध्ये
५ फा सु १३ सोझित मध्ये । ६ स १७५६ फा सु ७ सोझित मध्ये
५ चै सु ५ गुरौ वच्छराज रा गुढा मध्ये

प धन्नौ	धर्मरग	उ० क्षमालाभ रौ
प हेमौ	हेमरग	प० सिवनन्दन मुनि
प नाथौ[1]	दानरग	प० दानसागर नौ
प दीपौ	दयारग	वा० कनकविलास
प मेहो	मुनिरग	वा० कनकविलास
प ऋषि रामचन्द	रामरग	वा० विनयलाभ रौ

॥ सवत् १७५७ वर्षे पोष सुदि १३ श्री मेड़ता मध्ये ॥ 'उदय' नदी कृता (३५)

प स्यामौ	शुभोदय	प० सौभाग्यवर्द्धन रौ
प रामचन्द[2]	रत्नोदय	प० गुणविमल रौ
प गागौ	ज्ञानोदय	प० सुमतिप्रिय रौ
प रूपौ	रगोदय	वा० राजचन्द्र रौ
प नारायण[3]	तिलकोदय	प० तिलकप्रिय
प अखौ	अभयोदय	प० लाभसमुद्र रौ
प पदमसी[4]	पुण्योदय	प० दयाविनय रौ
प भूधर[5]	भावोदय	प० अभयसुन्दर रौ
प नाढौ[6]	नयनोदय	वा० राजचन्द्र रौ
प भागचन्द	भक्तोदय	वा० राजचन्द्र रौ
प. शीतल[7]	सत्योदय	प० दयाप्रिय रौ

॥ सवत् १७५८ वर्षे मिगसर सुदि ६ दिने गुरुवारे "हेम" (३६) नदी कृता ॥ वीलाड़ा नगरे ॥

प केसर	कुशलहेम	वा० जयलाभगणि रो
प तिलकचन्द	तिलकहेम	वा० लावण्यरत्न रो
प सुखौ[8]	सुखहेम	वा० ज्ञाननिधान रो

---

१ जे सु ३ जयतारण मध्ये   २ फा सु ६ लावीया मध्ये
३. वै व १० रूपनगर मध्ये   ४ माह सुदि १ मेड़ता मध्ये
५. चै व १३ कठमहूर मध्ये   ६ चै सु १ कठमहूर मध्ये
७ वै ब १३ गुरौ रूपनगर मध्ये   ८ वीलाडा मध्ये

प हरखौ	हससहेम	प० कल्याणसागर रो
प सूजौ	सत्यहेम	वा० नेमिहर्ष रो
प अमीचन्द	अभयहेम	प० जिनसौभाग्य
प देदौ[1]	दत्तहेम	प० विनयविमल रौ प्रपौत्र
प खेतौ[2]	सुमतिहेम	वा० विनयलाभ गै
प कुशलौ	कल्याणहेम	प० माणिक्यसुन्दर
प देवचन्द	दयाहेम	वा० लावण्यरत्न रौ
प लालौ	लक्ष्मीहेम	प० कीर्त्तिसौभाग्य
प. जीवण	जयहेम	वा० अभयकुशल रौ
प सुखौ	समयहेम	वा० नेमिहर्ष गणि
प पदमौ[3]	पदमहेम	प० तिलकप्रिय रो
प मयाचन्द[4]	माणिक्यहेम	वा० सुगुणचन्द
प धन्नौ	धर्महेम	प० क्षमाविनय रौ

॥ सवत् १७५९ वर्षे मिगसर बदि १३ तिथौ गुरुवारे (३७) 'सार' नदी कृता । श्री जयतारण मध्ये ॥

प मानौ	मुनिसार	वा० लाभवर्द्धन गणि रो
प भोजौ	भक्तिसार	प० अभयमाणिक्य रो
प जैतौ	जयसार	प० जयहस रो
प जीवण	जिनसार	प० रत्न समुद्रस्य
प देवौ[5]	दयासार	प० लाभवर्द्धन रौ
प पदमसी[6]	पुण्यसार	प० मतिविमल
प समरथ[7]	समयसार	वा० सौभाग्यसुन्दर

॥ संवत् १७६० वर्षे माह वदि १४ सोमे मेवाड देसे दारू ग्राम मध्ये 'सिन्धुर' (३८) नंदी कृता ॥

प अजौ	अभयसिन्धुर	वा० भावसागर गणि गे

---

१ वै व ११ बीलाडा मध्ये २ आसा व ३ गनगीया मध्ये
३. चैत्र सुदि १२ बीलाडा मध्ये ४ वै सु १ खारीया मध्ये
५ मा सु ४ जयतारण मध्ये ६ मा सु १५ श्री जयतारण मध्ये
७ फा व ११ श्री जयतारण मध्ये

प सारग	समयसिन्धुर	प० क्षेमविमल गणि
प श्रीचन्द	सुखसिन्धुर	प० सदानन्द गणि रौ
प सूजो[1]	शान्तिसिन्धुर	प० ज्ञानसौभाग रै
प सिवराम	शक्तिसिन्धुर	प० सोमराज रौ
प ईसर	इलासिन्धुर	प० मतिविमल रौ
प सभाचन्द[2]	सुगुणसिन्धुर	प० सदानन्द ग०
प रूपौ[3]	रूपसिन्धुर	प० लब्धिचन्द्रस्य
प रामचन्द[4]	रत्नसिन्धुर	वा० भक्तिविशाल

।। स० १७६२ वर्षे माह सुदि १ शुक्रे। श्री थाणला मध्ये। 'प्रमोद' नदी कृता (३९) ।।

प पेमो	पुण्यप्रमोद	वा० सुखलाभगणे
प राजौ	रगप्रमोद	वा० कनकविलास गणे
प खेमौ	क्षमाप्रमोद	प० रत्नसमुद्रस्य
प वीरौ	वृद्धिप्रमाद	प० मुनिसौभाग्य नौ
प नाथौ	ज्ञानप्रमोद	वा० सुखलाभ ग०
प वधौ	विद्याप्रमोद	प० कीर्त्तिधर्मस्य
प वछौ[5]	विवेकप्रमोद	प० कुशलसुन्दर

श्री जिनसुखसूरि

।। सवत् १७६५ वर्षे मिती फागुन वदि २ दिने भट्टारक श्री जिनसुख सूरिभि प्रथम (१) सुख नदी कृता खभाइत मध्ये ।।

प लालौ	लक्ष्मीसुख	प० रत्नशेखर रै
प नारायण	नयनसुख	प० रत्नशेखर रै
प जैराम[6]	जोवसुख	प० सागा रो
प कुशलौ[7]	कुशलसुख	उ० धर्मवर्द्धन रो

१　मा सु १२ रतलाम म०　　२ स १७६१ मा व ६ रतलाम मध्ये

३　मा सु ५ श्री रतलाम मध्ये

४　चैत वदि १ दिने। उज्जयिनी नगर्यां बेगमपुरा मध्ये। श्री थाणला मध्ये आषाढ वदि १ दिने।

५　फा सु ५ श्री मारगी मध्ये। ६ प्रथम वै सु १। ७ मा सु १ दिने

प वीरो	विद्यासुख	प० अभयमूर्त्ति
प सभाचन्द	सुमतिसुख	प० पुण्यदत्त
प जीवन	जयसुख	प० मतिसौभाग्य
प गोदौ[1]	ज्ञानसुख	प रूपसुन्दर रो
प विज्जो[2]	विजयसुख	वा० महिमाकुशल
प हेमचन्द	हेमसुख	श्रीजिताम्
प लालो	लाभसुख	प० दयादत्त रो
प महानद[3]	महिमासुख	प० विद्याविमल
प वर्द्धमान[4]	विनयसुख	प० सत्यशील
प जैतौ[5]	जेतमुख	प० लब्धिकुशल रो
प ताराचन्द	त्रिभुवनसुख	प० महिमाकल्याण
प माडण	मदनसुख	प० लक्ष्मीकुशल
प रत्नपाल	राजसुख	प० रूपसुन्दर रो
प सुखौ[6]	सदामुख	प० दर्शनसुन्दर रो

।। स० १७६८ माह सुदि १ दिने पालणपुरे मध्ये । श्री जिनसुखसूरिभि (२) 'जय' नदी कृता ।।

प खीमो	क्षेमजय	प० देवहस रौ
प सूजो	सत्यजय	प० विनयरग रो
प जालप[7]	यशोजय	प० महिमासुन्दर
प रिखभदास	ऋद्धिजय	वा० यश।वर्द्धन
प जयराम	जगज्जय	प० जिनजय रो
प लखमौ[8]	लक्ष्मीजय	प० भाग्यविशाल
प अमरसी	अमृतजय	प० भागचन्द रै
प मोहन	महिमाजय	प० भागचन्द रै
प दुलीचन्द	धर्मजय	वा० अमरनन्दन रो

---

१ वै सु. ११ दिने २ जे व १२ रवौ ३ प्र वै सु १३
४ स १७६६ रा वै व ५ पाटण ५ म १७६७ रा
६ स १७६७ जे व ३ पाटण एव सुख नदिना जणा १८ थया गुजराति मध्ये
